www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | पत्र नहीं; मित्र | संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–257 । सागर, सोमवार, 6 नवम्बर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए







मोदी ने पंधाना और सिवनी की सभाओं में कहा-

# भाजपा ने मप्र को गड्ढों से निकाला, इसे कांग्रेस के चंगुल से इसे बचाएं



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद से प्रदेश को बड़े गड्ढे में गिरा दिया था। भाजपा ने बड़ी मेहनत से उसे इस गड्ढे से बाहर निकाला है , इस काम में हमारी तीन–चार पीढ़ियां खप गई हैं। इसलिए हमें अब मध्यप्रदेश को कांग्रेस के चंगुल ने बचाएं। श्री मोदी ने यह बात रविवार को खंडवा जिले के पंधाना विधानसभा क्षेत्र के छैगांव माखन मंडल में जनसभा को संबोधित करते हुए कही। सभा को राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने भी संबोधित किया। श्री मोदी ने सिवनी में भी सभा को संबोधित किया।

इन सभाओं में प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस को युवाओं की दुश्मन बताया और कहा कि ऐसे नौजवान जो पहली बार वोट देने जा रहे हैं, उन्हें बहुत सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने कांग्रेस का राज देखा नहीं है। ये नौजवान अगर अपने माता–पिता, बुजुर्गों से पूछेंगे तब उन्हें पता चलेगा मध्यप्रदेश का क्या हाल था।

### मप्र को अपना एटीएम बनाना चाहती है कांग्रेस

प्रधानमंत्री ने कहा कि आप जानते हैं कांग्रेस यहां सरकार बनाने के लिए क्यों छटपटा रही है? उसे सरकार बनाने की क्या जरूरत पड़ गई है और उसके नेता क्यों पागलों की तरह दौड़ रहे हैं? कांग्रेस का इरादा साफ है। वह प्रदेश को अपनी पार्टी का एटीएम बनाना चाहती है। वह लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए पूरे प्रदेश से ट्रैक्टर भर–भर के लूट करना चाहती है। उन्होंने सवाल किया क्या कांग्रेस को इसके लिए मौका देना है? क्या उन्हें प्रदेश को लूटने की इजाजत देना है?

### झगड़ों में उलझी कांग्रेस

उन्होंने कहा कि जहां भी कांग्रेस की सरकारें हैं, वो आपसी झगड़े में उलझी रहती हैं। नेताओं के पास जनता के लिए समय ही नहीं होता है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में बीते साढ़े 4 सालों से कांग्रेस की सरकार है, लेकिन 24 घंटे वहां के नेता एक दूसरे को काटने, एक दूसरे को गिराने में लगे रहते हैं। कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार बने अभी 6 महीने हुए हैं, लेकिन छः महीनों के भीतर वहां क्या हो रहा है? वहां के मुख्यमंत्री को पता नहीं है कि वह कब तक पद पर रहेगा। कर्नाटक में विकास ठप है और जनता परेशान है।

युवाओं से कमलनाथ का वादा

# सत्ता में आने पर सरकारी भर्ती कानून बनाएंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने युवाओं से वादा किया है कि कांग्रेस सत्ता में आते ही खुशहाल युवा, खुशहाल मध्य प्रदेश पर काम करते हुए सरकारी भर्ती कानून अमल में लाएगी। कमलनाथ ने एक्स पर लिखा है, खुशहाल युवा, खुशहाल मध्यप्रदेश का लक्ष्य पाने के लिए मैं वचनबद्ध हूं। कांग्रेस सरकार युवाओं की मांग के अनुसार मध्य प्रदेश में 'सरकारी भर्ती का कानून' बनाएंगी।

प्रदेश की भर्ती परीक्षाओं में हुए 'घोटालों की निष्पक्ष और विश्वसनीय जांच' कराएगी। इसके लिए भर्ती जांच आयोग बनाएंगे।



उन्होंने कहा, घोटाला कर युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को कठोर दंड सुनिश्चित करेंगे। युवाओं को न्याय मिलकर रहेगा। उन्होंने युवाओं से वादा किया है कि सरकार के दो लाख रिक्त पदों की भर्ती का वार्षिक कैलेंडर जारी करेंगे। ग्राम स्तर के नए एक लाख पद बनाकर नौकरी देंगे। भर्ती परीक्षाओं के शुल्क में 100 प्रतिशत की छूट देंगे। युवाओं के लिए 1000 करोड़ रुपए का स्टार्ट अप फंड बनाएंगे। 5 लाख करोड़ का वास्तविक निवेश धरातल पर लाएंगे और 1000 नई औद्योगिक इकाइयां और एक लाख एमएसएमई प्रारंभ कराएंगे। स्थानीय युवाओं को रोजगार देने वाले उद्योगों में वेतन अंशदान सरकार देगी। स्मार्ट युवा मार्ट, स्माल स्मार्ट मार्ट, ग्रामीण औद्योगिक पार्क और किसान सुपर मार्केट योजनों से युवाओं को रोजगार व स्व रोजगार देंगे। उन्होंने आगे कहा, सेना और पुलिस भर्ती की तैयारी के लिए वर्दी मेरा अभिमान कार्यक्रम चलाएंगे। युवाओं को 1500 रुपए से 3000 रुपए प्रतिमाह का आर्थिक सहयोग देंगे।

## आज से जारी होंगे चुनावी बांड, एसबीआई अधिकृत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** केंद्र ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को 6 से 20 नवंबर के बीच अपनी 29 अधिकृत शाखाओं के माध्यम से चुनावी बांड जारी करने और भुनाने के लिए अधिकृत किया है। चुनावी बांड जारी होने की तारीख से 15 कैलेंडर दिनों के लिए वैध होंगे और यदि वैधता अवधि समाप्त होने के बाद बांड जमा किया जाता है तो किसी भी भुगतानकर्ता राजनीतिक दल को कोई भुगतान नहीं किया जाएगा। किसी पात्र राजनीतिक दल द्वारा उसके खाते में जमा किया गया चुनावी बांड उसी दिन जमा किया जाएगा।

कोहली ने सचिन के रिकॉर्ड की बराबरी की

## विराट ने वनडे में जड़ा 49वां शतक



**कोलकाता, एजेंसी।** भारत की रन मशीन विराट कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने वनडे कॅरियर का 49वां शतक लगाया। उन्होंने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में अफ्रीकी टीम के खिलाफ यादगार पारी खेली। कोहली ने रविवार को वनडे में सबसे ज्यादा शतक लगाने के मामले में सचिन तेंदुलकर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। खास बात यह है कि उन्होंने अपने 35वें जन्मदिन पर यह उपलब्धि हासिल की।

सचिन ने अपने वनडे करियर में 463 मैच खेले। इस दौरान 452 पारियों में 18426 रन बनाए। उनका औसत 44.83 का रहा। तेंदुलकर ने 49 शतक और 96 अर्धशतक लगाए। विराट ने 277वीं पारियों में ही यह उपलब्धि हासिल कर ली। कोहली ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 49वें ओवर में अपना 49वां शतक पूरा किया। उन्होंने कगिसो रबाडा की तीसरी गेंद पर एक रन लेकर तेंदुलकर के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली।

तेंदुलकर और कोहली के बाद सबसे ज्यादा वनडे शतक लगाने वालों में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा हैं। रोहित ने 259 मैच की 251 पारियों में 31 सैकड़े लगाए हैं। उनके बाद ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का नंबर है। पोंटिंग ने 375 मैच खेले हैं। उनके 365 पारियों में 30 शतक हैं। इन दोनों के बाद पांचवें स्थान पर श्रीलंका के पूर्व कप्तान सनथ जयसूर्या हैं। उन्होंने 445 मैच की 433 पारियों में 28 शतक लगाए हैं।

शिवराज ने चुनावी सभाओं में कहा-

# भ्रष्टाचार और वादाखिलाफी कमलनाथ का मॉडल



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि, कमलनाथ का मॉडल भ्रष्टाचार और वादाखिलाफ का मॉडल है, अगर ये मॉडल मध्यप्रदेश में आ गया तो प्रदेश फिर से बीमारू बन जाएगा। श्री चौहान ने रविवार को बांधवगढ़, ब्यौहारी, धौहनी, चुरहट, सिंहावल, चितरंगी और सिंगरौली में भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी सभाओं में यह बात कही। उन्होंने सिंगरौली में रोड शो भी किया।

श्री चौहान ने कहा कि कमलनाथ का मॉडल मतलब ट्रांसफर को उद्योग बनाने का मॉडल, मतलब योजनाओं को बंद करने का मॉडल। अगर यह मॉडल गलती से आया तो मध्यप्रदेश को बीमारू करने का काम करेगा। श्री चौहान ने लाड़ली बहनों से कहा कि, बहनों सुन लेना अगर ये मॉडल आ गया तो पहले तो बैगा, भारिया, सहरिया बहनों का पैसा बंद किया था अब ये लाड़ली बहना का भी पैसा बंद कर देगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कहा कि मैं सामाजिक क्रान्ति के लिए काम कर रहा हूँ, मुझे जनता की जिन्दगी बदलना है, बच्चों का भविष्य बेहतर करना है।

### धनतेरस पर खूब खरीदी करो बह्नों

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने चुनावी सभा में बहनों से संवाद करते हुए कहा कि, लाड़ली बहना योजना बहनों की जिंदगी बदलने का अभियान है। किसी भी बहन की आंख में आंसु नहीं आने देंगे। फिलहाल योजना के तहत बहनों के खातों में 1250 रूपए आ रहें है, लेकिन आने वाले समय में इस राशि को पहले 1750, फिर 2000 और इसी तरीके से बढाते हुए 3000 रूपए किया जाएगा। साथ ही श्री चौहान ने कहा कि, इस बार 10 तारीख को धनतेरस है और इसलिए हमने फैसला किया है कि, 7 तारीख को ही बहनों के खातों में किश्त डाली जाएगी। जिससे दिवाली से पहले धनतेरस पर लाड़ली बहनें खूब खरीदारी कर सकें।

# प्रथम पुण्यतिथि



## स्व.दीपक सुरजन

( 26 जनवरी 1958–6 नवम्बर 2022 )

**न च प्राणसंज्ञो न वै पञ्चवायुः न वा**
**सप्तधातुःन वा पञ्चकोशः।**
**न वाक्पाणिपादं न चोपस्थपायु**
**चिदानंदरूपः शिवोऽहं शिवोऽहम् ॥2॥**

( न उसे प्राण कहा जाता है, न पाँच वायु, न सात तत्व, न पाँच कोष। मैं न वाणी हूं, न हाथ, न पैर, न पेट की वायु; मैं चैतन्य के आनंद का स्वरूप हूं। मैं शुभ हूं। )

देशबन्धु परिवार
पुण्य स्मरण करता है

# गुंजौरा ग्राम से एक साथ उठी तीन अर्थियां

**गमगीन रहा ग्राम गुंजौरा का माहौल, सड़क दुर्घटना में दो सगे भाई वा एक अन्य की मौत, अंतिम यात्रा में मौजूद रहे भाजपा, कांग्रेस के लोग**



### भाजपा ने स्थगित किया प्रचार, अंतिम यात्रा के बाद कांग्रेस का जारी

घटना के बाद भाजपा द्वारा अपना रविवार का प्रचार कार्यक्रम रद्द कर दिया गया और शाम को गढ़ाकोटा कार्यालय में मृतकों की आत्मा की शांति के लिय शोक सभा का आयोजन किया अभिषेक भार्गव ने बताया की कल दुर्घटना में घायल हुए तीन व्यक्तियों का दुखद निधन हो गया है। मन बेहद दुखी और व्यथित है। आज के सारे प्रचार सहित मेरे सभी कार्यक्रम स्थगित कर रहा हूं। हम हर संभव मदद इन सभी परिवारों की करेंगे। स्वयं के परिवार के सदस्यों की तरह इन परिवारों का ध्यान रखूंगा। वही कांग्रेस द्वारा अंतिम यात्रा के बाद गुंजौरा में प्रचार किया लोगो से मुलाकात की और वही चौराहे पर खड़े होकर अन्य ग्रामों में अपने प्रचार वाहनों को दौड़ा दिया। कांग्रेस प्रत्याशी ज्योति पटेल ने घटना का जिमेदार भाजपा को ठहराया उन्होंने कहा की मेरे नामांकन रेली में ये तीनो मृतक शामिल हुए थे इसका पता जब भाजपा नेता को लगा तो इन्हे जबरन अपने प्रचार में शामिल कर लिया गया। यदि इन पर दबाव नहीं बनाया जाता तो आज ये कांग्रेस कार्यकर्ता जीवित होते।

**रहली, देशबन्धु।** चुनाव प्रचार के दौरान एक दिन पूर्व हुई सड़क दुर्घटना में एक ही ग्राम के तीन लोगो की मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद से ग्राम का माहौल गमगीन रहा, गली मोहल्लों में एक ही घटना की चर्चा लोगो की जुवान पर रही। रविवार की सुबह तीनो के शव ग्राम गुंजोरा पहुंचे, शवों को देख घर में चीख पुकार मच गई। ग्रामवासी सहित भाजपा, कांग्रेस के नेता कार्यकर्ता परिजनों को ढांढस बंधाते नजर आए। भाजपा नेता अभिषेक भार्गव जहां परिवार के पुरूषों को संभाल रहे थे तो कांग्रेस प्रत्याशी ज्योति पटेल महिलाओं के बीच उन्हे सांत्वना देती नजर आई। गौरतलब है की एक दिन पूर्व ग्राम बरखेड़ा बगरोन ग्राम के पास भाजपा के प्रचार में शामिल एक वाहन पलट गया था जिसमें करीब 11 लोग घायल हो गए थे सभी को सागर के एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान 3 लोगो की मौत हो गई थी। मृतकों में राजेश अहिरवार उम्र 40 साल व संतु अहिरवार उम्र 70 साल सगे भाई थे वही एक अन्य लखन अहिरवार उम्र 65 साल मुहल्ले का ही निवासी था, तीनो मृतक चुनाव प्रचार करने के लिए गए थे और ड्राईवर की लापरवाही से बुलैरो वाहन पलट गया जिससे तीनो की मौत हो गई। घटना की सूचना के बाद मंत्री गोपाल भार्गव, अभिषेक भार्गव, कांग्रेस प्रत्याशी ज्योति पटेल तत्काल सागर घायलों का हाल जानने के लिये पहुंच गए थे। घटना में अभी तक पुलिस द्वारा कोई भी मामला दर्ज नही किया गया है।

## 17 नवंबर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक चलेगी मतदान प्रक्रिया

**सागर, देशबन्धु।** मतदान 17 नवंबर को सुबह 7 से शाम 6 बजे तक मतदान प्रक्रिया चलेगी। इस संबंध में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि कि मतदान शुरू होने के डेढ़ घंटे पहले सुबह 5.30 बजे से मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ होगी। यह प्रक्रिया अभ्यर्थी या उसके अधिकृत एजेन्ट की उपस्थिति में होगी। यदि कोई अभ्यर्थी या उसका एजेन्ट 5.30 बजे मतदान केन्द्र पर उपस्थित नहीं होता है, तो 15 मिनट तक उसका इंतजार किया जाएगा। इसके बाद मतदान दलों और अन्य सदस्यों की उपस्थिति में मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी। न्यूनतम 50 वोट से मॉकपोल किये जाने का प्रावधान है, जिसमें नोटा भी शामिल होगा। मॉकपोल की प्रक्रिया प्रारंभ करने से पूर्व बैलेट यूनिट एवं वीवीपीएटी को वीवीपीएटी कम्पार्टमेंट में रखा जाएगा।

## मतदाता जागरूकता के लिए लायंस क्लब द्वारा आयोजित की गई कार रैली



**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य के मार्गदर्शन में लाइंस क्लब सागर द्वारा मतदाता जागरूकता कार रैली का आयोजन मकरोनिया से जिला स्वीप नोडल अधिकारी एवं जिला पंचायत सीईओ पीसी शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। मतदाता जागरूकता कार रैली मकरोनिया से शुरू होकर सिविल लाइन, तिली तिराहा से मेडिकल कॉलेज, बस स्टैंड से मोती नगर थाने पर जाकर समाप्त हुई। पीसी शर्मा ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव के लिए आयोग द्वारा मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न नवाचार किए जा रहे हैं, इसी चरण में आज लायंस क्लब द्वारा मतदाता जागरूकता कार रैली निकाली गई जिसका मूल उद्देश्य मतदाताओं को मतदान दिवस पर मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। जिला स्वीप कोऑर्डिनेटर डॉ. अमर कुमार जैन ने बताया कि विगत विधानसभा चुनाव में सागर जिले में 73 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ था जिसे इस बार बढ़ाकर 80 प्रतिशत करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी लक्ष्य की प्राप्ति के लिए मतदाताओं से विभिन्न नवाचारों के द्वारा अपील की जा रही है।

## कर संग्राहक घर-घर जाकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाएं: निगमायुक्त




**सागर, देशबन्धु।** निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला ने समस्त कर संग्राहकों और बीएलओ की बैठक लेकर नगर निगम क्षेत्र के सभी वार्डों में घर-घर जाकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं, साथ ही नगर निगम द्वारा 8 नवंबर को शहर में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली भी निकाली जाएगी। बैठक में निगमायुक्त ने निर्देश दिए कि समस्त कर संग्राहक और फील्ड में काम करने वाले कर्मचारी वार्डों में घर-घर जाकर मतदाताओं को 17 नवंबर को मतदान करने हेतु प्रेरित करें ताकि शत-प्रतिशत मतदाता निर्भीक होकर निष्पक्ष मतदान करें। इसी तारतम्य में 8 नवंबर को नगर निगम द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत विशाल रैली भी शहर के विभिन्न मार्गो से निकाली जाएगी।

## अंडर ब्रिज के पास कचरे के ढेर में मिला नवजात का शव



**बीना, देशबन्धु।** कचरे के ढेर में नवजात का शव मिला। घटना की जानकारी मिलने के बाद जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है। पुलिस के अनुसार नवजात का शव सागर गेट स्थित अंडरब्रिज के पास कचरे के ढेर में था। डॉक्टर ने बताया कि बच्चा एक या दो दिन का है। मामले का खुलासा उस समय हुआ जब एक व्यक्ति कचरा फेंकने के लिए गया। वहां उसे एक नवजात बच्चे का शव दिखा। उसने तत्काल लोगों को इसकी जानकारी दी। घटना पूरे शहर में कुछ ही पलों में आग की तरह फैल गई। देखते ही देखते वहां शहर के काफी लोग पहुंच गए। सूचना मिलते ही जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करके शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल भिजवा दिया। जहां डॉक्टर ने पोस्टमार्टम के बाद शव को पुलिस को सौंप दिया है। बताया जा रहा है कि शव एक से दो दिन पहले पैदा हुए बच्चे का है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ पैदाइश छुपाने का मामला दर्ज कर लिया है। कचरे के ढेर में नवजात शिशु का शव मिलने के मामले में जीआरपी अब क्षेत्र में संचालित नर्सिंग होम का रिकॉर्ड खंगालेगी। आशंका जाहिर की जा रही है कि किसी नर्सिंग होम में इस बच्चे की डिलीवरी हुई है। पुलिस ने गंभीरता से जांच शुरू कर दी है। जीआरपी थाना प्रभारी मोहन ठक्कर ने बताया कि जानकारी मिली कि अंडरब्रिज के पास कचरे के ढेर में एक दिन के नवजात बच्चे का शव मिला है। मौके पर पहुंचकर जांच की गई। तो ऐसा लग रहा है कि माता-पिता ने पैदाइश छुपाने के लिए बच्चे को कचरे के ढेर में फेंक दिया है। मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**मालथौन, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव के मतदान की तारीक नजदीक आ रही है, वही पुलिस प्रशासन सख्त हो सका हैं लगातार पुलिस फ्लैग मार्च निकालकर आमजन को चुनाव निष्पक्ष और शांति पूर्ण मतदान कराने का संदेश दे रहे हैं। रविवार को मालथौन पुलिस और सीआईएसएफ जवानों की टुकड़ी ने थाना परिसर से बाजार होते मुख्य मार्ग से पैदल मार्च निकाला और आमजन से चर्चा कर की। थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह दांगी ने बताया कि सीआईएसएफ जवानों की एक कंपनी मालथौन में रोकी गई हैं विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रखते हुए चुनाव शांति पूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से कराने के लिए पुलिस बल और सीआईएफ बल द्वारा समस्त कस्बों में फ्लैग मार्च निकाला गया, इससे जनता के बीच ये विश्वास पैदा हो, कोई असामाजिक तत्व कोई गतिविधि या हरकत करता है उन पर कार्यवाही करने के लिए तत्पर है उस सख्त कार्यवाही की जाएगी।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**सागर, देशबन्धु।** बंसल हॉस्पिटल सागर द्वारा शांति रेसिडेंसी कॉलोनी मकरोनिया में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। जिसमें बंसल हॉस्पिटल सागर के डॉक्टरों द्वारा सभी कॉलोनी वासियों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। स्वास्थ्य जागरूकता शिविर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आरजी शुक्ला कॉलोनी अध्यक्ष रहे। शिविर में बंसल हॉस्पिटल के डॉक्टर एवं स्टॉफ ने विशेष योगदान दिया।

## निर्वाचन अवधि में तीन बार उम्मीदवार के निर्वाचन व्यय का निरीक्षण होगा

**सागर, देशबन्धु।** लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के अनुसार विधानसभा निर्वाचन के प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए उसके नामांकन की तारीख से निर्वाचन परिणाम की घोषणा की तारीख जिसमें दोनों तिथियों सम्मिलित हो के मध्य उसके द्वारा या उसके निर्वाचन अभिकर्ता द्वारा उपगत या प्राधिकृत किए गए सभी प्रकार के व्यय का पृथक एवं सही लेखा रखना अनिवार्य है। निर्वाचन अवधि के दौरान कम से कम तीन बार स्वयं या निर्वाचन अभिकर्ता के माध्यम से व्यय रजिस्टर निरीक्षण हेतु प्राधिकृत अधिकारी के पास प्रस्तुत करना होगा। उपरोक्त अधिनियम के परिपालन में रिटर्निंग अधिकारी ने निर्देश दिये है कि नरयावली विधानसभा क्षेत्र हेतु 6, 10 एवं 15 नवंबर कार्यपालन यंत्री, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, सागर के व्यय लेखा संधारण कक्ष में व्यय प्रेक्षक रिटर्निंग ऑफीसर प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष निर्वाचन दैनिक व्यय रजिस्टर, समस्त संबंधित मूल व्हाउचर एवं अद्यतन बैंक पास बुक के साथ स्वयं या अपने निर्वाचन अभिकर्ता को उपस्थित होने के लिए निर्देशित करें।

## आपने मौका दिया तो बीना में विकास की गंगा बहा दूंगी: निर्मला सप्रे



**बीना, देशबन्धु।** कांग्रेस प्रत्याशी निर्मला सप्रे बीना विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान उन्होनें कहा कि यदि विधानसभा क्षेत्र की जनता ने एक बार मौका दिया तो मैं बीना में विकास की गंगा बहा दूंगी। रविवार को उन्होंने शहर में शिवाजी वार्ड, सुभाष वार्ड एवं शिव वार्ड में जनसंपर्क किया और मतदाताओं से कांग्रेस के पक्ष में वोट करने की अपील की। उन्होनें मतदाताओं से कहा कि हमें बीना में कांग्रेस का विधायक बनाना है और प्रदेश में एक अच्छी सरकार लाना है। प्रदेश की जनता पिछले 18 वर्षो से वनवास काट रही है और अब वह वनवास खत्म होने वाला है। कांग्रेस की सरकार बनने पर प्रदेश की जनता को 100 यूनिट बिजली मुफ्त दी जायेगी एवं 200 यूनिट पर बिजली का बिल आधा किया जायेगा, किसानों के पुराने बिजली बिल माफ होंगे, किसानों के लिये 5 हार्स पॉवर तक के बिजली बिल माफ किये जायेंगे एवं 10 हार्स पॉवर तक बिजली का बिल किसानों के लिये हाफ हमारी कांग्रेस सरकार द्वारा किया जायेगा। सिंचाई के लिये बिजली किसानों के लिये दी जायेगी। भाजपा के राज्य में जनता काफी परेशान एवं महंगाई से भी जनता काफी परेशान है। जनसंपर्क के दौरान निमिश अग्रवाल, आशीष चौबे, प्रशांत राय, शिवम नामदेव सहित कई युवक कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## भाजपा के लिए विकास ही सर्वोपरि: यश अग्रवाल



**सागर, देशबन्धु।** सागर विधानसभा में भाजपा प्रत्याशी शैलेंद्र जैन के समर्थन में आयोजित महाजन संपर्क अभियान के दौरान भाजयुमो जिला अध्यक्ष यश अग्रवाल के नेतृत्व में पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने अभियान में शामिल होकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील मतदाताओं से की। महा जनसंपर्क अभियान के तहत सूबेदार सिंह वार्ड में यश अग्रवाल ने घर-घर जाकर जनसंपर्क किया। इस दौरान भाजपा के प्रत्याशी व विधायक शैलेंद्र जैन को प्रचंड बहुमत से विजय बनाने के लिए मतदाताओं से आग्रह किया। यश अग्रवाल ने कहा कि भाजपा जनकल्याण और विकास कार्य करने वाली पार्टी है। अगर विकास कार्यों की बात की जाए तो आज के और 20 साल पुराने सागर में अंतर आप साफ देख सकते हैं।

## पंचकल्याणक में इंसान को भगवान बनने की क्रियाओं से गुजरना पड़ता है: मुनिश्री



**शाहगढ़, देशबन्धु।** नगर में बन रहे सातवें सातपुर के जिनालय का पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव 10 से 15 दिसंबर तक होगा। रविवार को पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रमुख पात्रों का चयन किया गया। इनमें भगवान के माता पिता बनने का सौभाग्य सुरेश जैन को मिला और सौधर्म इंद्र पूनम संतोष, धनपति कुबेर कुंदन लाल भूपेंद्र सादपुर बने। रविवार को मुनि श्री विरंजन सागर एवं प्रतिष्ठाचार्य मनोज बगरोही, पं. विजय शास्त्री, वीरचंद नरवा के संयोजन में पात्र चयन किया गया। मुनिश्री विरंजन सागर ने पंचकल्याणक की महिमा बताते हुए कहा कि पाषाण से भगवान बनाने की मांगलिक क्रिया में जहां अपूर्व धर्म की प्रभावना होती है। वहीं प्रमुख पात्र बनकर धर्मात्मा असीम पुण्य का संचय करते हैं। व्यक्ति का जन्म एक मां की कोख से दूसरा जिनवाणी मां से होता है, पंचकल्याणक में पासाण से भगवान नहीं एक इंसान को भगवान बनाने की क्रियाओं से गुजरना पड़ता है, भगवान के गर्भ में आने के 6 माह पहले से ही रत्नों की वर्षा होने लगती है इसी तरह शाहगढ़ में होने जा रहे पंच कल्याणक महोत्सव के 6 माह पहले से ही सादपुर मंदिर कमेटी द्वारा पंच कल्याणक महोत्सव की भूमिका बनाई जाने लगी थी जहां पर भगवान के पंच कल्याणक की क्रियाएं होना है आज उस वेदिका का शिलान्यास हुआ। इस भूमि का पुण्य का उदय है यहां पर भगवान के पांच कल्याणक होने जा रहे हैं, पुण्यआत्मा जीव जिनेंद्र भगवान के पंच कल्याणक महोत्सव को देखकर उत्साहित होता है, सौधर्म इंद्र एक बार में 170 पंच कल्याणक करवाता है, धर्मसभा में चयनित पात्रों का सकल दिगंबर जैन समाज ने सम्मान करते हुए पुण्य की अनुमोदना की।

## पूर्व मुख्यमंत्री स्व. अर्जुन सिंह की जन्मजयंती पर सेवादल ने किया उनका स्मरण



**सागर, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री स्व. अर्जुन सिंह की 93 वीं जन्म जयंती कांग्रेस शहर सेवादल परिवार ने मनाकर उन्हें स्मरण किया। शहर सेवादल परिवार ने स्व. सिंह के छायाचित्र पर श्रृद्धा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर मप्र कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अमित दुबे रामजी ने स्व. अर्जुन सिंह की जयंती पर कहा हम सभी शपथ लेते हुए, सर्वहारा वर्ग की सेवा में अर्जुन सिंह के बताए रास्ते पर चलते हुए समाज के विकास के कार्य करते रहेगे। इस अवसर पर शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, पुष्पेन्द्र राजपूत, लल्ला यादव, अंकुर यादव, रिंपी गर्ग आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा प्रत्याशी ने मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल चलाकर किया जन संपर्क



**सागर, देशबन्धु।** भाजपा के सागर विधानसभा से प्रत्याशी शैलेंद्र जैन ने महा जनसंपर्क अभियान के तहत संतकंवरराम वार्ड पहुंचकर मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल चलाकर जनसंपर्क किया, उन्होंने माताओं बहनों और बुजुर्गों से आशीर्वाद प्राप्त किया।

## व्रतादि का पालन करो इसी में जीवन की सार्थकता है: मुनिश्री



**मकरोनिया, देशबन्धु।** व्रतादि पालन से मात्र पुण्य बंध ही नहीं होता किंतु मुक्ति प्राप्ति में कारण भूत पाप का संवर एवं उसकी निर्जरा भी होती है यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही, मुनिश्री ने कहा कि व्रतादि का पालन करो इसी में जीवन की सार्थकता है क्योंकि स्वर्ग प्राप्त करने के लिए पुण्य चाहिए, पुण्य की प्राप्ति व्रतादि के पालन करने से होती है। व्रत के द्वारा देव पद पाना अच्छा है और बिना व्रत के नर्क में उत्पन्न होना अच्छा नहीं है क्योंकि छाया और धूप में स्थित व्यक्तियों के समान प्रतीक्षारत पुरुषों में बड़ा भारी अंतर है। क्षुल्लक श्री चंद्र दत्त सागर ने कहा कि संकल्प, व्रत नियम लेने से हम पापों से पदार्थ से हट जाते हैं और हमें कर्म का बंध नहीं होता। अशुभ कर्मों से बचो, शुभ कार्यों में लगो, क्षण क्षण में बंध हो रहा है, आश्रव जारी है, आप शुभ में लगे हो या अशुभ में सोचो। रविवार को श्री ऋषभदेव स्थानम मंदिर में चल रहे सिद्ध चक्र विधान में 256 अर्घ समर्पित किए गए। इंद्र इंद्राणियों के भाव भक्ति नृत्य श्रद्धा समर्पण द्वारा विधान अभूतपूर्व उत्साह से पं. उदय चंद शास्त्री के द्वारा संपन्न कराया जा रहा है।



## संघ ने निकाला पथ संचलन

**रहली, देशबन्धु।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ द्वारा पथ संचलन का आयोजन किया गया। सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में सभी स्वयं सेवक एकत्रित हुए जहा से बैंड की धुन पर कदमताल करते हुए अनुशासित नगर भ्रमण को निकले, नगर में बस स्टेंड, मेन रोड, बजरिया, चारहाई, राम चौक, सुभाष चौक, नदी मोहल्ला, चांदपुर चौराहा होते हुए प्रारंभ स्थल पहुंचा जहां बौद्धिक के बाद समापन किया गया। रास्ते में जगह-जगह पुष्प वर्षा व स्वागत किया गया। इस दौरान संघ पदाधिकारी सहित स्वयं सेवक पूर्ण गणवेश में मौजूद रहे।

## सार समाचार

### नए मतदाताओं के साथ कलेक्टर ने किया पौधरोपण



**छतरपुर, देशबन्धु।** इस विधानसभा चुनाव में पहली बार मतदान करने के तैयार नए मतदाताओं के साथ रविवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी आर ने देरी रोड स्थित फरूट फॉरेस्ट में पौधरोपण किया। पौधरोपण के उपरांत उन्होंने नए मतदाताओं सहित अन्य लोगों से मतदान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। कलेक्टर ने नए मतदाताओं से पौधे रोपित कराते हुए उन्हें संकल्प दिलाया कि 17 नवंबर को वे मतदान में अवश्य भाग लेंगे। उक्त कार्यक्रम के दौरान नए मतदाताओं में मतदान को लेकर काफी उत्सुक्ता देखी गई। कलेक्टर ने सभी को स्वतंत्र और निष्पक्ष रूप से मतदान करने की शपथ दिलाई।

### सोता रहा परिवार, नगदी और जेवरात ले उड़े चोर



**हरपालपुर, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के ग्राम परेथा में बीती रात एक परिवार घर में सोता रहा और अज्ञात शातिर चोर घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दे गए। सुबह जब परिवार के सदस्य जागे तब उन्हें चोरी की जानकारी लगी और इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने अज्ञात पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक परेथा निवासी कल्लू उर्फ गुलजारी पुत्र गयादीन यादव अपने परिवार के साथ घर में ही सो रहा था। रात करीब 3 बजे जब उसकी पत्नी की आंख खुली तो घर की अलमारी टूटी दिखाई दी। नजदीक जाकर जांच की तो ज्ञात हुआ कि चोर घर में रखी करीब डेढ़ लाख रुपए की नगदी और ढाई लाख के जेवरात चोरी कर ले गए हैं। घटना की सूचना पुलिस को दी गई जिसके बाद पुलिस ने मौका मुआयना किया और चोरों की तलाश शुरू कर दी।

### बुंदेलखंड की जलसहेलियों ने जारी किया अपना घोषणा पत्र



**छतरपुर, देशबन्धु।** जल संरक्षण के क्षेत्र में विशेष योगदान दे रहीं बुंदेलखंड की जल सहेलियों ने एक घोषणा पत्र तैयार कर उसे जारी किया है। रविवार को पत्रकारवार्ता के दौरान जल सहेलियों ने अपना घोषणा पत्र सबके सामने रखा। जलसहेलियों ने कहा कि प्रदेश में किसी भी राजनैतिक दल की सरकार बने, उसे जल संकट समाधान, सूखा प्रबंधन, पलायर पर रोक, शिक्षा, पोषण और रोजगार दिलाने के प्रयास करना होंगे तभी बुंदेलखंड विकसित और समृद्ध होगा। जलसहेलियों ने बताया कि उन्होंने अपना घोषणा पत्र जनता के बीच जाकर तैयार किया है, जिस पर अमल करने का आग्रह प्रदेश की नई सरकार से किया जाएगा। इस मौके पर जलसहेली सुधा, लक्ष्मी कुशवाहा, ममता लोधी, सरोज यादव, पार्वती अहिरवार आदि मौजूद रहीं।

### युवक ने पुलिसकर्मी पर लगाए बेवजह मारपीट के आरोप

**छतरपुर, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थाने में पदस्थ एक पुलिसकर्मी पर युवक ने बेवजह मारपीट के आरोप लगाए गए हैं। कोतवाली थाना क्षेत्र के बकायन खिड़की इलाके में रहने वाले राममूर्ति सिंह यादव का आरोप है कि 3 नवंबर की रात को कोतवाली थाने में पदस्थ पुलिसकर्मी नंदकिशोर सोलंकी बेवजह उसे पकड़कर थाने ले गए और उसके साथ बुरी तरह मारपीट की गई। पीड़ित युवक ने कहा कि मारपीट क्यों की गई इस बारे में उसे कोई जानकारी नहीं है।

### मेरा परिवार-भाजपा परिवार कार्यक्रम का खजुराहो में हुआ शुभारंभ

# भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को दिया जीत का मंत्र

**छतरपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो लोकसभा क्षेत्र से सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने खजुराहो में कार्यकर्ताओं की बैठक लेकर विधानसभा जीतने का मंत्र देते हुए अपने-अपने बूथ को मजबूत करने के साथ अन्य कई और तर्कसंगत उपाय बताए। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा जी आज सर्वप्रथम मतंगेश्वर महादेव मंदिर पहुंचे जहां पर उन्होंने पूजा अर्चना की तत्पश्चात मेरा परिवार भाजपा परिवार कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। खजुराहो के वार्ड क्रमांक 10 स्थित बूथ अध्यक्ष जगनंदन तिवारी के मकान में पहुंचकर भाजपा का झंडा लगाया गया। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि हर कार्यकर्ता को अपने घर पर भाजपा का झंडा लगाने, दीवाल पर कमल का फूल बनाने एवं गले पर भाजपा का गमछा डालने का पूरा अधिकार है इससे उसे कोई वंचित नहीं कर सकता और न ही इसमें किसी भी तरह का कोई कानूनी उलझन होती है।



तदुपरांत खजुराहो के उत्सव धाम में आयोजित कार्यकर्ताओं की बैठक में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा पहुंचे। यहां राजनगर विधानसभा क्षेत्र के बूथ स्तरीय कार्यकर्ता उपस्थित थे। श्री शर्मा ने बूथ को मजबूत करने के लिए मूल मंत्र देते हुए कई तर्कसंगत बातें बताईं, जिनसे कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार देखा गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं के साथ सीधा संवाद भी स्थापित किया एवं कार्यकर्ताओं ने भी चुनाव कैसे जीते एवं उसके लिए क्या उपाय हो सकते हैं के संदर्भ में विचारों का आदान-प्रदान किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सभी मोर्चों के अध्यक्षों को भी अलग-अलग जिम्मेदारियां प्रदान करते हुए अपने-अपने स्तर पर कार्य करने की नसीहत दी। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि राजनगर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी अरविंद पटेरिया को भारी बहुमत से जिताने के लिए सभी एकजुट हो कर होकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि यह आवश्यक नहीं कि सभी कार्यकर्ता प्रत्याशी के साथ ही घूमें, बल्कि अपने-अपने स्तर पर अपने मोर्चा के कार्यकर्ताओं के साथ बूथ स्तर में पहुंचकर घर-घर जाकर शासन की योजनाएं बताएं एवं भाजपा के द्वारा किए गए विकास कार्य बताते हुए वंचित लोगों तक लाभ कैसे पहुंचे इसका प्रयास करें तभी हम राजनगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी अरविंद पटैरिया को बहुमत से जिताने में सफल होंगे। इस अवसर पर कुछ कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता भी ग्रहण की। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश से सांसद एवं किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर, राजनगर विधानसभा के प्रवासी प्रभारी कानपुर से विधायक विनोद कटियार, भाजपा जिला अध्यक्ष मलखान सिंह, पूर्व विधायक विजय बहादुर सिंह, कालीचरण पटेल, खजुराहो नगर परिषद अध्यक्ष अरुण कुमार (पप्पू अवस्थी), राजनगर नगर परिषद अध्यक्ष जितेंद्र वर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन श्यामबाबू त्रिवेदी ने किया।

### चुनाव से पहले बागियों को रास्ता

## भाजपा के 2 और कांग्रेस के 7 नेताओं को 6 वर्षों के लिए किया निष्कासित





**छतरपुर, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव में प्रमुख राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों के लिए बागी मुसीबत बने हुए हैं। इन बागियों का असर चुनावी नतीजे पर पडने़ की आशंका दोनों दलों को सता रही है और इसी बीच दोनों ही दलों ने इन बागियों को बाहर का रास्ता दिखाना शुरू कर दिया है। कांग्रेस और भाजपा दोनों ही राजनीतिक दल ऐसे हैं जिनके कई बागी पार्टी के लिए मुसीबत का कारण बने हुए हैं। दोनों दलों ने पहले तो बगियों को मनाने का प्रयास किया लेकिन जब वे नहीं माने तो अब निष्कासन का रास्ता चुना है।

छतरपुर जिले में कांग्रेस ने 7 नेताओं को तो भाजपा ने 2 नेताओं को बाहर का रास्ता दिखाया है। सभी नेताओं को 6 साल के लिए पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित किया गया है। कांग्रेस ने महाराजपुर विधानसभा के बागी अजय दौलत तिवारी, निधि चतुर्वेदी, छतरपुर विधानसभा के बागी नेता डीलमणि सिंह बब्बू राजा, चंदला विधानसभा के बागी नेता पुष्पेन्द्र अहिरवार के अलावा धीरज मिश्रा, अभय तिवारी और दिनेश यादव को बाहर का रास्ता दिखाया है। तो वहीं भारतीय जनता पार्टी ने राजनगर विधानसभा के बागी नेता डॉ. घासीराम पटेल और बड़ामलहरा विधानसभा के बागी नेता करन सिंह लोधी को निष्काषित किया है। उल्लेखनीय है कि दोनों ही दलों के बागी नेता पहले अपने-अपने दलों से उम्मीदवार बनने की कोशिश करते रहे लेकिन असफल हुए तो उन्होंने सपा, बसपा सहित अन्य दलों के टिकिट पर चुनाव लडने़ का फैसला किया जिसके बाद पार्टी ने उन पर कार्यवाही की है।

## बाईक से ढोई जा रही थी अवैध शराब



**छतरपुर, देशबन्धु।** चुनाव के मद्देनजर जिले भर के थानों की पुलिस सक्रियता से अवैधानिक गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं। इसी क्रम में बीते रोज जिले के अलीपुरा थाना की पुलिस ने बाईक से शराब ढो रहे दो युवकों को पकडने़ की कार्यवाही की लेकिन एक युवक किसी तरह मौके से भागने में सफल हो गया। पुलिस ने बाईक और शराब जप्त कर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया है, साथ ही फरार आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक गश्त के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि दो युवक थाना क्षेत्र में बाईक से शराब ढो रहे हैं।

प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने संबंधित मार्ग पर घेराबंदी कर बाईक सवार युवकों को रोका, इसी दौरान एक युवक भाग निकला। दूसरे युवक को पुलिस ने पकड़ लिया, साथ ही उसके पास मौजूद डीलक्स कंपनी की बाईक तथा 7 पेटी शराब भी जप्त की गई। बताया गया है कि कुल 63 लीटर शराब जप्त हुई जिसकी अनुमानित कीमत करीब 25 हजार रुपए है। पकड़े गए आरोपी का नाम आबिद खान निवासी अलीपुरा है जबकि फरार आरोपी का नाम सरफराज खान है, जो कि बाईक चला रहा था। पुलिस ने दोनों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया है, साथ ही सरफराज खान की तलाश की जा रही है।

### कांग्रेस प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क, शहर से गांव तक हुआ भव्य स्वागत

## रोटी छीनने वालों का क्या भरोसा, सेवक को चुनें : चतुर्वेदी



**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर विधानसभा क्षेत्र की सेवा के लिए हमने पिछले 5 वर्षों में न सिर्फ सरकार की मदद से बल्कि स्वयं के स्तर पर भी अनेक कार्य किए हैं, इन्हीं में से एक कार्य नर सेवा नारायण सेवा की तर्ज पर किया जा रहा था जिसे भाजपा प्रत्याशी ललिता यादव के द्वारा बंद करा दिया गया। हम चाचा की रसोई के माध्यम से जरूरतमंदों को 1 रुपए में भरपेट भोजन करा रहे थे लेकिन यह सेवा उन्हें देखी नहीं गई, उन्होंने निर्वाचन आयोग से शिकायत करते हुए 2 साल से चल रही इस सेवा को प्रलोभन का नाम देकर रुकवा दिया जबकि उनकी सरकार हर महीने लालच के रूप में महिलाओं को नगद राशि दे रही है। मैं पूछना चाहता हूं कि गरीबों का क्या दोष था, आखिर ललिता यादव ने उनकी रोटी को क्यों छीन लिया। जो इंसान चुनाव के पहले गरीबों की रोटी को छीन सकता है वह चुनाव के बाद छतरपुर का कितना नुकसान करेगा इसका अंदाजा लगाना चाहिए और फिर सोच समझकर वोट करना चाहिए। यह बात छतरपुर विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी आलोक चतुर्वेदी पज्जन भैया ने अपने जनसंपर्क के दौरान आयोजित चौपालों में कही। उन्होंने आरोप लगाए हैं कि भाजपा ने 18 वर्षों में कमीशनखोरी, घोटाले और विनाश के अलावा कुछ नहीं किया। हमें इस बार इस निरंकुश सरकार को हटाना है। यह तभी संभव है जब हम छतरपुर में हाथ के पंजे को अपना आशीर्वाद दें।


आलोक चतुर्वेदी ने रविवार को छतरपुर शहर के सागर रोड, देरी रोड, शांति नगर कॉलोनी, बिजावर नाका क्षेत्र के शहरी हिस्से में घर-घर जाकर जनता का आशीर्वाद लिया तो वहीं बरकौंहा, गोपालपुरा, फरीपुरवा, जनकपुर, कांटी और रामनगर में भी जनसंपर्क कर जनता से आशीर्वाद मांगा। श्री चतुर्वेदी जब शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क के लिए पहुंचे तो अनेक स्थानों पर उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। जनता ने पुष्पमालाएं पहनाकर उनका स्वागत किया।

## कांग्रेस प्रत्याशी रामसिया भारती की बिगड़ी तबीयत



**छतरपुर, देशबन्धु।** चुनावी प्रचार के चलते अनियमित दिनचर्या और अधिक मात्रा में पैदल भ्रमण करने के कारण बीती रात करीब 3 बजे बड़ामलहरा विधानसभा की कांग्रेस प्रत्याशी रामसिया भारती का स्वास्थ्य अचानक बिगड़ गया। स्वास्थ्य खराब होने के बाद पहले उन्हें बड़ामलहरा के अस्पताल ले जाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जिला चिकित्सालय में परीक्षण के उपरांत आईसीयू में भर्ती कर उनका इलाज किया गया। चिकित्सकों ने बताया कि अनियमित दिनचर्या और अधिक पैदल चलने के कारण उनका ब्लड प्रेशर लो हो गया था और इसके साथ ही उन्हें बुखार भी था। जिला अस्पताल में उपचार के बाद रविवार की दोपहर तक उनका स्वास्थ्य सामान्य हो गया जिसके बाद चिकित्सकों ने उन्हें डिस्चार्ज कर दिया। रामसिया भारती का स्वास्थ्य खराब होने की सूचना मिलने पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष सहित कई बड़े नेता, पार्टी के कार्यकर्ता और उनके समर्थक उनका हाल जानने के लिए जिला अस्पताल पहुंचे।

## रामलीला का हुआ मंचन



**हरपालपुर, देशबन्धु।** हरपालपुर में चल रही आदर्श रामलीला का 11 दिवसीय मंचन किया गया जिसमें कल रावण एवं यह रावण बद् ब विभीषण का राज तिलक व राज्य अभिषेक महायज्ञ के साथ लीला का मंचन किया गया इसके बाद समापन किया गया जिसमें अधिक संख्या में श्रद्धालु दर्शन उम्र पड़े और सभी स्थानीय कलाकारों द्वारा आदर्श रामलीला का मंचन किया जाता है सभी सहयोगी कलाकार व सभी सहयोगी कार्यकर्ता व सभी पदाधिकारी गण अपनी निष्ठा के साथ रामकाज में संलग्न रहते हैं मंच संचालन कर रहे प्रदीप नगरिया जी को पुरुषोत्तम भगवान श्री राम जी के द्वारा सम्मानित किया गया रामलीला के मुख्य संचालक की भूमिका निभाने वाले श्री अनुराग मदन जी अभिषेक मदन जी नरेश चंद्र अग्रवाल जी प्रदीप नगरिया जी करुण मदान जी वरुण मदान जी पंडित श्री विनोद द्विवेदी व्यास जी रामलीला के डायरेक्टर धीरेंद्र कठेल जी लल्लन महाराज जी सत्यप्रकाश गुप्ता जी एवं सभी सहयोगी कार्यकर्ताओं एवं कलाकारों के द्वारा स्थानीय आदर्श रामलीला का सुनहरा रंग मंचन किया जाता है।

## अजय दौलत तिवारी ने घर-घर जाकर दिया निमंत्रण



**नौगांव, देशबन्धु।** महाराजपुर विधानसभा सीट के सपा प्रत्याशी अजय दौलत तिवारी के समर्थन में आज सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की चुनावी सभा का आयोजन किया जा रहा है। इस सभा को लेकर सपा के कार्यकर्ता और नेता जबरदस्त उत्साहित हैं। यह सभा सोमवार की दोपहर 2 बजे नगर के गर्ल्स स्कूल चौराहे पर आयोजित की जाएगी। माना जा रहा है कि अखिलेश यादव की इस सभा से महाराजपुर विधानसभा सीट पर चुनावी समीकरण बदल सकते हैं।

उल्लेखनीय है कि अजय दौलत तिवारी के समर्थन में पहले ही क्षेत्र के कई दिग्गज मैदान में उतर आए हैं, इनमें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद सत्यव्रत चतुर्वेदी की बेटी निधि चतुर्वेदी का नाम भी शामिल है। उन्होंने बीते रोज ही भाजपा और कांग्रेस दोनों ही प्रत्याशियों को नकारने एवं सपा प्रत्याशी अजय दौलत तिवारी को चुनाव जिताने की अपील करते हुए हरपालपुर क्षेत्र में जनसंपर्क किया था। अखिलेश यादव की सभा के लिए सपा प्रत्याशी अजय दौलत तिवारी ने रविवार को क्षेत्र में जनसंपर्क करते हुए घर-घर जाकर जनता को सभा में शामिल होने का निमंत्रण दिया। अखिलेश यादव की इस सभा को भव्य बनाने के लिए सपा के कई नेता और अजय दौलत तिवारी के समर्थक पूरी ताकत से जुटे हुए हैं। उन्होंने इस मौके पर जनमानस से अपील करते हुए कहा कि हमारा महाराजपुर विधानसभा क्षेत्र 20 वर्षों से उपेक्षा का शिकार हो रहा है। भाजपा प्रत्याशी के परिवार और कांग्रेस प्रत्याशी के क्रियाकलापों के कारण क्षेत्र की जनता कराह रही है। क्षेत्र को विकसित, शिक्षित, रोजगारयुक्त बनाने के लिए यह आवश्यक है कि इस बार हम इन दोनों प्रत्याशियों को जवाब देकर नए विकल्प के रूप में समाजवादी पार्टी की साईकिल को चुनें। अजय दौलत तिवारी ने कहा कि वे हमेशा जनता के बीच रहकर काम करते रहे हैं। उन्हें युवाओं के साथ मिलकर इस क्षेत्र के विकास की नींव रखनी है इसलिए इस बार क्षेत्र की जनता उन्हें अपना आशीर्वाद दे। अजय दौलत तिवारी ने रविवार को क्षेत्र के कई शहरी और ग्रामीण इलाकों का दौरा भी किया।

### स्वतंत्र मतदान में बाधक तत्वों पर की जाएगी सख्ती से कार्रवाई

# जिले में शांतिपूर्ण, स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए फ्लैग मार्च निकाला

*__छतरपुर, देशबन्धु।__ जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 स्वतंत्र, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने के लिए व्यापक स्तर पर सुरक्षा के इंतजाम किये गये हैं। रविवार को जिला मुख्यालय पर कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. और पुलिस अधीक्षक अमित सांघी ने सेंट्रल आर्म्स पैरामिलिट्री फोर्सेस एवं पुलिस बल के साथ पैदल फ्लैग मार्च निकाला।*

*फ्लैग मार्च के पहले ऑडिटोरियम में फोर्सेस को विधान सभा निर्वाचन के दौरान कर्तव्यों के निर्वहन के संबंध में मास्टर ट्रेनर द्वारा आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया। निष्पक्ष और बाधारहित चुनाव के दृष्टिकोण अनुरूप छतरपुर जिले की अंतर्राज्यीय सीमाओं, क्रिटिकल मतदान केन्द्रों सहित जिले की पृष्ठभूमि के बारे में बताया गया। इस अवसर पर ड्यूटी निर्वहन के संबंध में लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया और भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के लिए कहा गया।*



*जिला निर्वाचन अधिकारी श्री जी.आर. ने कहा कि जिले में 17 नवम्बर को मतदान होना है। मतदान स्वतंत्र, शांतिपूर्ण रूप से हो। मतदाता बिना किसी डर, भय या दवाब के निर्भीक होकर मतदान करना सुनिश्चित करें। जिले में इसके लिए 152 आदतन अपराधियों के विरूद्ध जिला बदर की कार्यवाही की गई है। साथ ही एनएसए एवं असामाजिक तत्वों के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक बाउण्डओवर की कार्यवाही की गई है। एसएसटी, एफएसटी और व्हीएसटी की टीमें निरंतर 24 घंटे कार्यरत हैं। जिले में आने वाले वाहनों की नाकों पर सघन चैकिंग की जा रही है।*

*पुलिस अधीक्षक श्री सांघी ने कहा कि जिले में विधानसभा निर्वाचन 2023 के दौरान सुरक्षा के पुख्ता व्यवस्था रहेगी। फोर्सेस एवं पुलिस बल पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी चुनाव ड्यूटी को करें। जिससे जिले में भयमुक्त, दवाबरहित और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित हो। मतदाता बिना किसी डर भर के निर्भय होकर मतदान करें।*

*फ्लैग मार्च में उप जिला निर्वाचन अधिकारी नम्- शिवाय अरजरिया, एएसपी विक्रम सिंह सहित विभिन्न थानों के पुलिस अधिकारी बल के साथ शामिल हुये। फ्लैग मार्च ऑडिटोरियम से शुरू होकर जवाहर रोड, बस स्टैण्ड, फुब्बारा चौक होते हुए हटवारा, महल रोड से छत्रसाल चौक पर समाप्त हुआ।*

देशबन्धु

सागर, सोमवार 6 नवम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन



# अंतर्विरोधों से परिपूर्ण भाजपा के चुनावी वादे

5 राज्यों के विधानसभा चुनावों के लिये प्रमुख राजनैतिक दलों का प्रचार अभियान जैसे-जैसे चरम पर पहुंच रहा है, कुछ घोषणापत्रों के जरिये तो कुछ भाषणों के माध्यम से वादे किये जा रहे हैं। कांग्रेस तथा भारतीय जनता पार्टी के बीच हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में प्रमुख मुकाबला है- राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़। तेलंगाना में पहले वहां की सत्तारुढ़ पार्टी भारत राष्ट्रीय समिति (बीआरएस) और भाजपा के बीच आमने-सामने की लड़ाई थी पर अब कांग्रेस के साथ बीआरएस को संघर्ष करना पड़ रहा है। भाजपा तीसरे क्रमांक पर है। मिजोरम में भी कांग्रेस ही सत्तारुढ़ मिजो नेशनल फ्रंट को चुनौती दे रही है।

एक ओर कांग्रेस की कमान सम्भालने वाले पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी एवं अन्य नेतागण कांग्रेस की गारंटियों को भरोसेमंद बतला रहे हैं वहीं भाजपा के स्टार प्रचारक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी (और उनके प्रमुख सिपहसालार गृह मंत्री अमित शाह) बतला रहे हैं कि उनकी कही बात खाली नहीं जायेगी। ऐसे में यह सबसे माकूल वक्त है कि इन राज्यों में दिये जा रहे आश्वासनों, वादों और गारंटियों के टिकाऊपन तथा विश्वसनीयता की समीक्षा की जाये- खासकर राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के परिप्रेक्ष्य में। ऐसा नहीं कि मिजोरम एवं तेलंगाना के चुनाव महत्वहीन हैं। ऐसा इसलिये कि इन दो राज्यों में इन गारंटियों के परीक्षण का पैमाना या तो सीमित है (मिजोरम में, जहां विकास, धार्मिक आजादी एवं विविधता के संरक्षण की गारंटी कांग्रेस दे रही है) अथवा इन तीन राज्यों जैसा राजनैतिक समीकरण वहां नहीं हैं। मिजोरम में भाजपा मुकाबले में तो नहीं है लेकिन वहां तुलना कांग्रेस व केन्द्र में बैठी भाजपा के बीच हो रही है; जबकि तेलंगाना में भाजपा का पहले ही साफ होता सूपड़ा दिखने से कोई इन दोनों के बीच समानता या विरोधाभास की बात ही नहीं कर रहा है। वहां गारंटियों की तुलनात्मक समीक्षा कांग्रेस व बीआरएस को आमने-सामने रखकर हो रही है।

बहरहाल, राजस्थान व छत्तीसगढ़ के मामलों में भाजपा के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही आ रही है कि इन दोनों राज्यों की कांग्रेसी सरकारों ने पिछले पांच वर्षों में जनता का भरोसा इसलिए जीता है कि वहां पर पिछले चुनावों में किये गये वादे न केवल पूरे किये गये बल्कि घोषित अवधि में अमल में लाये गये। मसलन, पिछली बार छत्तीसगढ़ ने वादा किया था कि पहली कैबिनेट बैठक में ही किसानों की कर्ज माफी का फैसला लिया जायेगा- वैसा हुआ। इस बार फिर से अगली सरकार के बनने पर ऋण माफ करने का वैसा ही ऐलान कांग्रेस ने कर दिया है। ऐसे ही, धान का समर्थन मूल्य बढ़ाने, उस पर बोनस देने, प्रति एकड़ 20 क्विंटल धान खरीदने, बेरोजगारी भत्ता देने आदि सम्बन्धी जो भी वादे किये गये थे, वे सारे के सारे छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार ने पूरे कर दिखाये हैं। जनता के पास अविश्वास का कोई कारण नहीं है। भाजपा के पास यह कहने का अवसर भी नहीं है कि ऐसा हो नहीं सकता। छग कांग्रेस के पास ऐसे कई वादों की फेहरिस्त है जो उसकी निवर्तमान सरकार द्वारा पूरे किये गये हैं। उधर राजस्थान की बात करें तो वहां पुरानी पेंशन योजना, सस्ता गैस सिलेंडर आदि के वादे भी पूरे किये गये हैं।

पूरे किये गये वादों के चलते दोनों राज्यों में सरकार विरोधी भावना नहीं के बराबर है। दूसरी तरफ मध्यप्रदेश सरकार के खिलाफ जो प्रचंड नाराजगी नज़र आ रही है वह वहां व्याप्त भारी भ्रष्टाचार के कारण भी है जिसके कारण घोषित योजनाएं तक ठीक से लागू नहीं हो पाई हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान अगर अपने व्यक्तिगत प्रयासों से वहां इन असफलताओं के बावजूद नैया पार लगा भी लेते तो वहां भाजपा नेतृत्व ने सात सांसदों या केन्द्रीय नेताओं को चुनावी मैदान में उतारकर चौहान की नाकेबंदी कर दी है।

परेशान भाजपा को देखा-देखी में ऐसी-ऐसी घोषणाएं करनी पड़ रही हैं जिनमें अनेक विसंगतियां तथा अंतर्विरोध नज़र आते हैं। इसके चलते वे अविश्वसनीय लग रही हैं और लोगों को प्रभावित करने में नाकाम भी दिखती हैं। (मौका मिला तो) कुछ वादे भाजपा लागू करती भी है तो वह उसके स्थापित विचारों के खिलाफ हैं। अपनी गारंटियों को विश्वसनीयता दिलाने के लिये उन्हें मोदी के नाम से जोड़ा जा रहा है परन्तु उससे स्थिति और उलझ रही है। मोदी ने तीनों राज्यों (राजस्थान, मप्र व छग) में पार्टी के वादों को अपनी व्यक्तिगत गारंटियां घोषित कर दिया है। यह एक तरह से चौहान के लगभग 18 वर्ष तथा भूपेश के पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह के 15 साल के कामों को श्रेय न देने जैसा है। कांग्रेस से बढ़कर घोषणा करने के चक्कर में छत्तीसगढ़ भाजपा के संकल्पपत्र में प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी का आश्वासन दिया गया है क्योंकि कांग्रेस ने 20 क्विंटल का भरोसा दिया है। मजेदार बात यह है कि भाजपा के ही एक पूर्व मंत्री कांग्रेस की इस घोषणा को इसलिये दिखावटी कह चुके हैं कि राज्य में कहीं भी 17 क्विंटल से ज्यादा धान का उत्पादन असम्भव है। जिस नगद राशि वितरण को भाजपा रेवड़ियां कहती थी, वह अब उसके वादों के रूप में खूब बंट रही है। मनरेगा को वह अपनी उपलब्धि बता रही है जिसका कभी मोदी संसद में 'कांग्रेस की विफलता का स्मारक' कहकर मज़ाक उड़ाते थे। ओबीसी के मुद्दे पर भाजपा निरूत्तर है क्योंकि कांग्रेस जातिगत जनणना की बात कर रही है, वहीं मोदी इस पर इतना ही कह पा रहे हैं- 'मैं ओबीसी हूं इसलिये कांग्रेस मुझे गालियां देती है।' गारंटियों की स्पष्टता व विश्वसनीयता ही हार-जीत तय करेगी।

# पांच किलो मुफ्त अनाज में डूबा देश

आचार संहिता वंहिता छोड़िए आप! प्रधानमंत्री मोदी पर वह कोई लागू नहीं होती है। मोदी से पहले किसी प्रधानमंत्री पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के इतने आरोप नहीं लगे। हर चुनाव में चाहे विधानसभा के हों या लोकसभा के विपक्ष चुनाव आयोग के पास जाता है मगर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। एक बार जरूर तीनों चुनाव आयुक्तों को 2019 में मोदी के भाषणों के खिलाफ लंबी सुनवाई करनी पड़ी थी और एक चुनाव आयुक्त अशोक लवासा ने मोदी के भाषणों को आपत्तिजनक माना था। मगर बाकी दो सदस्यों जिनमें एक मुख्य चुनाव आयुक्त भी थे मोदी को क्लीन चिट देना चाह रहे थे और फिर उन्होंने दी भी। मगर दो-एक के बहुमत से। लवासा ने सर्वसम्मति से वह फैसला नहीं होने दिया था। अपने फैसले को सही बताते हुए लवासा ने इस्तीफा दे दिया। मोदी और अमित शाह के खिलाफ 6 मामले चुनाव आयोग के सामने थे। जिनमें एक यह था जिसमें प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि राहुल वायनाड से इसलिए चुनाव लड़ रहे हैं कि वहां बहुसंख्यक वोट कम हैं। अल्पसंख्यकों की शरण में गए हैं। यह भाषण उन्होंने लोकसभा चुनाव के दौरान महाराष्ट्र में दिया था। दूसरा एक मामला था जहां प्रधानमंत्री पुलवामा के शहीदों के नाम पर वोट मांग रहे थे। एक और भाषण में उन्होंने कहा कि परमाणु बम क्या हमने दीवाली के लिए रखा है। शाह के खिलाफ आरोप था कि उन्होंने भारतीय सेना को मोदी की सेना बोला है। इन सारे मामलों को लवासा गंभीर मान रहे थे जबकि बाकी दोनों उनमें कुछ भी अनुचित नहीं देख रहे थे।

ऐसे जाने कितने मामले हैं। अभी गुजरात विधानसभा में वोट डालने के बाद वे रोड शो करते हुए अपने भाई के घर गए। 2017 के यूपी विधानसभा चुनाव में तो मायावती ने उनकी शिकायत की थी। अब शायद उनसे पूछो तो वे कहेंगी कि मैं वापस ले लेती हूं! मोदी जी के खिलाफ मैं सोच भी नहीं सकती।

तो अब चुनावी राज्य छत्तीसगढ़ से प्रधानमंत्री की पांच साल और मुफ्त राशन की घोषणा आचार संहिता का उल्लंघन है, जैसा सवाल बेमतलब हो गया है।

औपचारिकता के लिए कांग्रेस को चुनाव आयोग जाना हो तो जाए मगर जवाब उसे राजनीतिक ही देना होगा।

टीवी अखबारों में यह घोषणा सुर्खियों में है। मोदी जी परवाह न करते हों मगर मीडिया थोड़ा सा अभी डरता है इसलिए इसे मास्टर स्ट्रोक नहीं कह पा रहा है। मगर है यह वाकई मास्टर स्ट्रोक!

छत्तीसगढ़ में मतदान के पहले चरण से ठीक पहले प्रधानमंत्री द्वारा की गई यह घोषणा लाभार्थियों के लिए बड़ा आश्वासन है। राहुल गांधी के शब्दों में कहें तो गारंटी।

लेकिन अगर कांग्रेस चाहती तो इसकी काउंटर गारंटी दे सकती थी। मोदी जी राजनीति के गहरे खिलाड़ी हैं।


शकील अख्तर

> पता नहीं कांग्रेसी नेता गांव के लोगों से कितना मिलते हैं। लेकिन अगर मिलते होते और उनकी सुनते समझते तो उन्हें मालूम होता कि यह पांच किलो फ्री अनाज कैसा नशा बन गया है। गांव में अपने घर में मुफ्त राशन मिल जाने के बाद वह किसी काम का नहीं रहता। उससे पांच किलो से ज्यादा अनाज की बात करना होगी। काम देने का भरोसा देना होगा।

उनसे मुकाबला उसी स्तर पर हो सकता है। किसी बड़े माने जाने वाले टीवी एंकर के साथ हैलिकाप्टर में घूमने से नहीं। पार्टी एंकर को देश में नफरत फैलाने के लिए आरोपित करती है। अपने विपक्षी दलों के गठबंधन इन्डिया के द्वारा बाकायदा लिस्ट निकालकर उनका बहिष्कार करती है। मगर उसी को हैलिकाप्टर में घूमाकर इंटरव्यू दिया जाता है। इससे कितने वोट मिल जाएंगे यह कांग्रेस को बताना चाहिए।

मगर इन सब से कुछ होता नहीं। केवल नेता को यह खुशफहमी हो जाती है कि उसका चेहरा टीवी पर चमक गया। मगर उसका जरा सा चेहरा टीवी पर चमकाने के बदले मीडिया राहुल की छवि और खराब करने की छूट पाती है। हमने इन नेताओं को यह कहते सुना है कि हमसे तो अच्छी तरह मिलती हैं या मिलते हैं पता नहीं राहुल के साथ क्या समस्या है। मतलब समस्या राहुल में है। नफरती मीडिया में नहीं।

अभी जो एंकर हैलिकाप्टर में घूम रही थीं उन्होंने कांग्रेसी नेता के लिए एक से एक विशेषणों का प्रयोग किया। ब्राइट एंड फ्रेश। ऊर्जावान और उत्साही। कभी न हारने वाले और जाने क्या क्या! तो नेताजी फूले नहीं समा रहे। मुझमें इतने सारे गुण। तभी तो आईं थीं मेरा इंटरव्यू लेने। मगर कभी यह नहीं सोचते कि क्या राहुल के वास्तविक गुणों में से एक भी ये टीवी एंकर बता सकती हैं? अगर बता दें तो इनकी नौकरी तो छोड़िए ईडी भी पहुंच जाएगी। मगर कांग्रेस के नेताओं को सिर्फ खुद से मतलब है पार्टी और राहुल से नहीं।

खैर इससे राहुल की ताकत पर कोई असर नहीं पड़ता है। तो मुख्य मुद्दा था फ्री राशन पांच साल और। अब इसका जवाब यह नहीं हो सकता जो बहुत सारे लोग और कांग्रेसी भी दे रहे हैं कि साढ़े 9 साल में क्या किया? गरीब की हालत और खराब कर दी कि वह फ्री राशन पर रहने लगा। पांच साल और मतलब उसकी हालत ऐसी ही रखोगे या यह जो कांग्रेस कह रही है कि यह प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना कुछ नहीं है हमारी नेशनल फूड सिक्योरटी एक्ट की ही नकल है इससे कुछ नहीं होगा।

मंगलवार को मिजोरम की सभी और छत्तीसगढ़ की 20 सीटों पर मतदान हो जाएगा। इनमें आदिवासी संभाग बस्तर भी है। जहां के करीब-करीब सभी मतदाता पांच किलो मुफ्त राशन का फायदा उठा रहे हैं। 12 सीटें हैं यहां जिनमें से 11 आदिवासियों के लिए आरक्षित हैं। यह 12 में से 12 सीटें कांग्रेस के पास हैं। अब आप समझ सकते हैं कि प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ से यह घोषणा क्यों की और उस दुर्ग जिले में की जहां भी मंगलवार को मतदान होना है।

अब यह घोषणा तात्कालिक रूप से छत्तीसगढ़ की बस्तर और दुर्ग की 20 सीटों पर प्रभाव डाल सकती है। और बाद में हर जगह। इसका जवाब वही जैसा हमने ऊपर कहा राहुल की काउंटर गारंटी। गारंटी पर गारंटी ही दे सकती है। और राहुल का जवाब देना या यूं कहें जनता को और ज्यादा हिम्मत बंधाना वाजिब भी है।

मगर कहा अगर सही समय पर न जाए तो कोई फायदा नहीं। कांग्रेस की अधिकांश कहानी यही है कि जब चिड़िया खेत चुग जाती हैं तब वह पछताती रहती है। बाबा केदारनाथ के पास से अच्छी जगह कौन सी हो सकती है। वहीं से कहना चाहिए कि अगले पांच साल इतना ही! बिल्कुल नहीं। गरीबों को बढ़कर राशन भी मिलेगा और काम भी।

हर हाथ को काम। नौकरी रोजगार। और हां मुफ्त की अगर बात है तो आपके बच्चों को मुफ्त शिक्षा मिलेगी। और आपको और पूरे परिवार को मुफ्त इलाज। काम मिलने से आपके हाथ में नगद पैसे होंगे। आप जो चाहे खरीद सकते हैं। मुफ्त राशन पांच किलो नहीं बढ़ाकर देंगे। और काम देंगे ताकि तेल, घी, दूध, सब्जी, दाल मसाले, कपड़े, जूते खरीद सकें।

स्कूल सारे सरकारी करने और अस्पताल भी यह लोगों की सबसे बड़ी जरूरत है। मोदी जी केवल पांच किलो राशन में लोगों को उलझाए हुए हैं। मगर कांग्रेस चूंकि इसका ठीक से जवाब नहीं दे पा रही है तो मोदी जी का यह फंडा खूब चल रहा है।

हमें पता नहीं कांग्रेसी नेता गांव के लोगों से कितना मिलते हैं। लेकिन अगर मिलते होते और उनकी सुनते समझते तो उन्हें मालूम होता कि यह पांच किलो फ्री अनाज कैसा नशा बन गया है। गांव में अपने घर में मुफ्त राशन मिल जाने के बाद वह किसी काम का नहीं रहता। उससे पांच किलो से ज्यादा अनाज की बात करना होगी। काम देने का भरोसा देना होगा। मर गए सपनों को फिर से जिलाना होगा। बच्चों की पढ़ाई और उससे उनकी अच्छी नौकरी मिलने की कहानी सुनाना होगी। नहीं तो वे पांच किलो मुफ्त अनाज लेते रहेंगे और वोट देते रहेंगे।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार है)**

# भाजपा के नेतृत्व वाली 'आचार समिति' द्वारा महुआ मोइत्रा का उत्पीड़न शर्मनाक

■ अरुण श्रीवास्तव

भारतीय संसदीय कामकाज के इतिहास में पहले कभी किसी विधायी पैनल के अध्यक्ष को चरित्र हनन और स्त्रीद्वेषी विकृति की इतनी तीखी आलोचना का सामना नहीं करना पड़ा, जितना कि लोकसभा आचार समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार सोनकर को करना पड़ रहा है। टीएमसी सदस्य महुआ मोइत्रा द्वारा उनके खिलाफ लगाये गये आरोप पर संदेह करने का कोई स्पष्ट कारण नहीं है, जिसे समिति में विपक्षी सदस्यों द्वारा भी सार्वजनिक रूप से दोहराया गया था, कि पैनल के अध्यक्ष भाजपा सांसद विनोद कुमार सोनकर ने संसद में प्रश्न पूछने के लिए एक व्यवसायी हीरानंदानी से धन तथा अन्य फायदा लेने के आरोप से सम्बंधित प्रश्न पूछने के बदले बड़े ही दुर्भावनापूर्ण और अपमानजनक तरीके से असम्बद्ध सवाल किये। उनके इस व्यवहार से नाराज विपक्षी दल के सदस्य विरोध में बैठक हॉल से बाहर चले गये।

मोइत्रा पर व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी के इशारे पर सवाल पूछने का आरोप लगा है। यह भी आरोप लगाया गया कि उसने दुबई स्थित व्यवसायी के साथ अपने लॉगिन क्रेडेंशियल साझा किये। मोइत्रा के खिलाफ शिकायत झारखंड के भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने की थी।

यह बिल्कुल स्पष्ट है कि भाजपा पारिस्थितिकी तंत्र और उसका मीडिया सेल मोइत्रा को लोकसभा से हटाने और उनके राजनीतिक कॅरियर को समाप्त करने के लिए एक अच्छी तरह से तैयार किये गये जाल के साथ तैयार है। उनके लिए उनका चरित्र हनन और एक सस्ती और लालची महिला के रूप में उनकी छवि खराब करना सबसे अच्छा उपाय था।

> लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला इस मामले में कोई संवैधानिक कार्यवाही शुरू करेंगे या नहीं, क्योंकि इसमें कई लोगों की हिस्सेदारी है। लेकिन एक बात बिल्कुल स्पष्ट है कि भाजपा उन्हें दंडित करने और सदन से बाहर निकालने के लिए अपनी पूरी ताकत लगायेगी। भाजपा का तंत्र किसी को भी अडानी और मोदी के खिलाफ बोलने को बर्दाश्त नहीं कर सकता।

खुद मोइत्रा ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को बताया है, उनसे पूछा गया कि 'उन्होंने देर रात किससे, किस सॉफ्टवेयर पर और कितनी देर तक बात की। वे जानना चाहते थे कि जिन लोगों से उन्होंने बात की उनकी पत्नियों को इसके बारे में पता था या नहीं।'

सोनकर ने बाद में कहा कि समिति को मामले की व्यापक जांच करने का काम सौंपा गया था और सहयोग करने के बजाय, मोइत्रा विपक्षी सदस्यों के साथ क्रोधित हो गयीं और उन्होंने 'आपत्तिजनक शब्दों' का इस्तेमाल किया और उनके खिलाफ अनैतिक दावे किये। लेकिन उनका स्पष्टीकरण उन्हें मोइत्रा के उन आरोपों से बरी नहीं करता कि उन्होंने जानबूझकर उनसे अनैतिक और अपमानजनक सवाल पूछे।

मामला तब तूल पकड़ा जब समिति अध्यक्ष ने व्यक्तिगत सवाल पूछना शुरू कर दिया जैसे मोइत्रा ने रात में हीरानंदानी को कितनी बार फोन किया, वह दुबई और मुंबई में किस होटल में रुकी थीं। पैनल के एक विपक्षी सांसद ने कहा, 'हमने आपत्ति जताई और मोइत्रा ने भी।'

मोइत्रा की पीड़ा और आहत भावनाएं गुरुवार को बैठक कक्ष से बाहर आने के बाद लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को लिखे उनके पत्र में परिलक्षित हुईं, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया कि सुनवाई के दौरान आचार समिति के अध्यक्ष द्वारा उन्हें 'कहावती वस्त्रहरण' का शिकार होना पड़ा। मोइत्रा ने यह भी लिखा- 'समिति को खुद को आचार समिति के अलावा किसी अन्य नाम से नामित करना चाहिए क्योंकि इसमें कोई नैतिकता नहीं बची है। विषय से संबंधित प्रश्न पूछने के बजाय, अध्यक्ष ने दुर्भावनापूर्ण और स्पष्ट रूप से अपमानजनक बयान देकर पूर्वकल्पित पूर्वाग्रह का प्रदर्शन किया।' जिस तरह से मुझसे सवाल किया जा रहा था, उसे सुनकर उपस्थित 11 सदस्यों में से 5 सदस्य बाहर चले गये और उनके शर्मनाक आचरण के विरोध में कार्यवाही का बहिष्कार किया।'

यह स्पष्ट नहीं है कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला इस मामले में कोई संवैधानिक कार्यवाही शुरू करेंगे या नहीं, क्योंकि इसमें कई लोगों की हिस्सेदारी है। लेकिन एक बात बिल्कुल स्पष्ट है कि भाजपा उन्हें दंडित करने और सदन से बाहर निकालने के लिए अपनी पूरी ताकत लगायेगी। भाजपा का तंत्र किसी को भी अडानी और मोदी के खिलाफ बोलने को बर्दाश्त नहीं कर सकता।

लोकसभा की वेबसाइट का लॉगइन आईडी और पासवर्ड शेयर करने के मामले में मोइत्रा ने अपने पत्र में लिखा- 'इन्हें शेयर नहीं करने के नियम सांसदों को कभी क्यों नहीं बताये गये और यदि थे तो हर एक सांसद इस आईडी और लॉगिन को कई लोगों के साथ क्यों साझा कर रहा है?' उसने लिखा कि मैंने रिकॉर्ड पर बार-बार विरोध किया कि अध्यक्ष एक औरत के रूप में मेरी गरिमा पर दाग लगाने वाले व्यक्तिगत प्रश्न नहीं पूछ सकते हैं।

मोइत्रा ने एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया है - लोकसभा आचार समिति के अध्यक्ष विनोद कुमार सोनकर ने उन्हें वकील जय अनंत देहाद्राई और व्यवसायी दर्शन हीरानंदानी द्वारा उनके खिलाफ लगाये गये 'कैश-फॉर-क्वेरी' आरोपों में जिरह करने की अनुमति क्यों नहीं दी। उन्होंने सोनकर को पहले ही बताया था-'शिकायतकर्ता देहाद्राई ने अपनी लिखित शिकायत में अपने आरोपों को साबित करने के लिए कोई दस्तावेजी सबूत नहीं दिया है, और न ही वह अपनी मौखिक सुनवाई में कोई सबूत दे सका है। प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों को ध्यान में रखते हुए, मैं देहाद्राई से जिरह करने के अपने अधिकार का प्रयोग करना चाहती हूं।'

मोइत्रा ने कहा, 'यह एक एथिक्स कमेटी है जो स्क्रिप्ट पढ़ रही है और हर तरह के गंदे सवाल पूछ रही है।' बसपा सदस्य दानिश अली ने कहा, 'हम ऐसी प्रक्रिया का हिस्सा नहीं बनना चाहते थे क्योंकि वे अनैतिक सवाल पूछ रहे हैं। द्रौपदी का चीरहरण कर रहे हैं।'

14 सदस्यीय नैतिक पैनल का हिस्सा बनने वाले कम से कम तीन विपक्षी सांसद, कांग्रेस के एन उत्तम कुमार रेड्डी, बसपा के दानिश अली और राजद के गिरिधारीलाल यादव, समिति पर एक महिला सांसद से अनैतिक व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए बैठक से बाहर चले गये। रेड्डी ने आरोप लगाया, 'उनके सवाल पूर्वाग्रहपूर्ण, पक्षपातपूर्ण और अशोभनीय थे। हम दिन की शुरुआत से ही उसे यह बताने की कोशिश कर रहे थे कि वह इस तरह की पूछताछ न करे, लेकिन उसने हमारी बात नहीं सुनी।'

जाहिर है कि भाजपा जो चाहती थी उसका सख्ती से पालन किया गया है। इस धारणा को बल मिलता है कि इन अपवित्र घटनाओं के ठीक बाद, दुबे ने अपनी टिप्पणी दी कि मोइत्रा को जाना होगा। उसे कोई नहीं रोक सकता। इस बीच, प्रदर्शनकारी सांसदों ने यह जानने की कोशिश की है कि एक शिकायतकर्ता, भाजपा सांसद निशिकांत दुबे, राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) की एक 'गोपनीय' रिपोर्ट को कैसे हासिल करने में कामयाब रहे, जिसमें कहा गया था कि मोइत्रा के संसदीय लॉगिन को दुबई से 47 बार एक्सेस किया गया था और यहां तक कि इसे डाला भी गया था। यह सार्वजनिक डोमेन में तब आया जब वह रिपोर्ट केवल एक दिन बाद समिति के सदस्यों को उपलब्ध कराई गई थी। विपक्षी दल भी उत्सुकता से उस कार्रवाई का इंतजार कर रहे हैं जो टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी बैठक के बाद लेने वाली हैं, जैसा कि पार्टी नेता डेरेक ओ 'ब्रायन ने खुलासा किया है।

## गुरवाणी विचार

# लेखे छोड़ अलेखे छूटे हम निरगुण लेहो उबारी

तुम दाते ठाकुर प्रति पालक, नायक खसम हमारे
निमख निमख तुम ही प्रतिपाल हो हम बरिक तुमरे धारे
नेव्हा एक कवन गुन कही पै,
बेसुमार वेअंत सुवामी तेरी अंत न किनही लहीअै
कोटि अपराध हमारे खंड ह अनिक विधि समझावहो
हम असियान अलपमत धोरी तुम आपन बिरद रख आवहो
तुमरी सरणि तुमारी आसा-तुम ही सजन
राखहो राखनहार दिआला नानक घर के गोले।।

गुरवाणी की ये पंक्तियां राग धनासरी से ली गई है जो कि गुरु ग्रंथ साहिब के 674 अंग पर सुशोभित है। इन पंक्तियों द्वारा पांचवे नानक प्रभु परमात्मा के गुणगान करते हुए मानव मन को समझा रहे हैं कि प्रभु परमात्मा सब किस्म की दातें देने वाला है। वह मालिक भी है और सब जीवों के पालन करने वाला भी है। सारा जगत उस परमात्मा के आगे भिखारी ही है और वह हर एक की झोली भरता रहता है। चाहे कोई उसकी भक्ति करता है या नहीं करता वह सबको कुछ न कुछ दे ही रहा है। हर प्राणी सबेरे खाली पेट उठता है पर पभु परमात्मा की कृपा से कुछ न कुछ खा कर ही सोता है। ऐसी प्रभु ने जुगती बनाई है। हमारे जीवन की अगुवाई करने वाला है। इस तरह वह हमारा मालिक भी है। वह हर क्षण हमारी पालना भी कर रहा है।

कोरोनाकाल की बिमारी में ज ब ऑक्सीजन की लोगों को जरूरत पड़ी तो दाल-आटे का भाव पता चल गया पर प्रभु तो हजारों वर्षों से हमें मुफ्त में हवा, पानी दे रहा है जिसकी कभी कोई कीमत नहीं लेता। पाल रहा अपनी धरती पर वो सबकी जिंदगी बदले में किसी से कुछ भी लेता नहीं है। जिस तरह एक मां अपनी संतान की पालना करती है। खुद भी गीले बिस्तर में सो जाती है पर अपनी संतान को कभी गीले में नहीं सुलाती। बच्चे को डांट फटकार भी लगाती है फिर सब भुला कर उसे गले से लगा लेती है। ठीक इसी तरह प्रभु परमात्मा भी हर प्राणी पर अपनी कृपा भरी नजर रखता है और हमारे द्वारा किए गए कई पापों को क्षमा भी कर देता है। चाहे हम उसकी भक्ति कर रहे हों या न भी कर रहे हों। इसलिए हर इंसान को हर वक्त प्रभु से यह बिनती करना चाहिए।

तुम करो दया मेरे सांईं।
अैसो मति दीजै मेरे ठाकुर सदा सदा तुध धिआई।।

अगर वह हमारे द्वारा दिए गए कर्मों का लेखा जोखा, हिसाब करेगा तो हमें नरक में भी जगह नहीं मिल पाएगी।

इसीलिए
लेखे छोड़ अलेखे छूटे हम निरगुण लेहो उबारी।
नानक दास संत पोछे परियो राखि लेयो ए बारी।।

हमें अपने आपको गुलाम समझ कर प्रभु मालिक का हुक्म मानते रहना चाहिए।

मूल खरीदी लाला गोला, मेरा नावों सुहागा।
गुर की बचनी हाट बिकाना जित लाया तित लागा।।

तभी हमारा कल्याण हो सकता है। इसीलिए गुरवाणी द्वारा हमें समझाया है मन के पीछे चलने के बजाय गुरमति के अनुसार जीवनयापन करते हैं प्राणी के मन में गुरवाणी के साथ लगाओ। धीरे-धीरे होने लग जाएगा।

गुरमुखि वाणी नाम है, नाम रिदै बिसाई
मति पंखेरन वस हुई सतगुरु धियाईं।।
नानक आप दयाल होये नामै लिख पराईं।

आपकी कृपा हो जाए तभी गुरु का नाम हमारे हृदय में प्रकट हो जाता है। नाम रूपी अमृत भी हमें तभी प्राप्त हो पाता है। यह संभव भी तभी है जब प्रभु परमात्मा की हम पर विशेष किरपा हो जाए। तभी हम इस संसार समुद्र से अपनी जीवन नौका सुचारू रूप से खेकर प्रभु परमात्मा के सांचे दरबार में जाकर स्थान प्राप्त हो पाएंगे।

**इंदर सिंह आहुजा**

## आपके पत्र

# आचार संहिता को चिढ़ाती , चुनावी घोषणाएं

विधानसभा चुनाव से पहले सत्ता लोलुप नेता येन केन प्रकारेण सत्ता में काबिज होना चाह रहे हैं। विधानसभा के प्रथम चरण का मतदान 7 नवंबर को होना है। छत्तीसगढ़ में पदस्थ कांग्रेस सरकार के मुखिया भूपेश बघेल सहित कांग्रेस के महासचिव राहुल गांधी तथा प्रियंका गांधी वाड्रा ने चुनाव प्रचार- प्रसार की कमान संभाली है। चुनाव प्रचार के बहाने बड़े-बड़े लोक लुभावन वादे अपने घोषणा पत्र के माध्यम से कांग्रेस ने किए हैं। सबसे ज्यादा किसानों को साधने का प्रयास किया गया है। राहुल गांधी ने तो के जी से पी जी तक शिक्षा को मुक्त करने का ऐलान भी कर दिया है! कांग्रेस की ललचाई घोषणाओं के बाद भारतीय जनता पार्टी भी चुप बैठे रहेगी, ऐसा सोचना गलत होगा। भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने भी अपना घोषणा पत्र जारी करने की बात कही है। घोषणा पत्र में क्या होगा? किसके लिए होगा? कौन खुश तथा कौन नाराज होगा कुछ समय बाद सामने आ जाएगा। सवाल यह उठता है कि चुनाव आचार संहिता के बाद ऐसा करना आचार संहिता का उल्लंघन क्यों नहीं माना जा रहा है? जब वाहनों की जांच के दौरान कैश से लेकर हर प्रकार की सामग्री यह मानकर जब्त की जा सकती है, कि वह मतदान को प्रभावित कर सकती है, तब घोषणाओं पर विराम क्यों नहीं?

चुनाव से पूर्व मतदाताओं को लुभाने की नीयत से फ्री की रेवड़ियां बांटने पर निर्वाचन आयोग मौन क्यों है? देखा जाए तो चुनाव संपन्न होने के बाद 5 वर्षों तक सत्ताधारी दल को जन सामान्य के लिए योजनाओं की याद नहीं आती! जैसे ही नए चुनाव पास आते हैं दो सप्ताह के भीतर योजनाओं की झड़ी मानसूनी बादल की तरह बरसने लगती है! कहने को तो आचार संहिता के बाद किसी प्रकार की घोषणा या नए कार्यों को करना नियम विरुद्ध होता है,किंतु निर्वाचन आयोग पार्टियों द्वारा की जाने वाली लोक- लुभावन घोषणाओं पर आंख और मुंह पर पट्टी बांधे नजर आता है!

देश के प्रत्येक मतदाता को यह जानने का हक है कि फ्री की रेवड़ियों या नि:शुल्क गिफ्ट बांटने के लिए सरकारी अथवा राजनीतिक दल पैसे कहां से ला रही है? अथवा लाएंगी? देश के एक-एक करदाता को यह जानने का अधिकार है कि उसकी गाढ़ी कमाई का हिस्सा, जो टैक्स के रूप में जा रहा है, उसका उपयोग कहां और कैसे हो रहा है? साथ ही घोषणा पत्र में लालच देने वाली पार्टी को यह बताना होगा की घोषणाओं को पूरा करने के लिए फंड कहां से आएगा?

आज हर दल सत्ता चाहता है और सत्ता की चाहत में उसके द्वारा फ्री की रेवड़ियों की मिठास घोषणा पत्र में लपेटकर मतदाताओं को परोसी जाती है! यही वह घोषणाएं होती हैं जो देश अथवा प्रदेश को दिवालिया करने में अपनी भूमिका अदा करती है। निर्वाचन आयोग ही वह ताकतवर संगठन है, जो ऐसी राजनीतिक पार्टियों पर लगाम लगा सकता है। आने वाले लोकसभा चुनाव में यदि निर्वाचन आयोग को ऐसी शक्ति दे दी जाती है, जिससे वह चुनाव आचार संहिता के उपरांत राजनीतिक दलों द्वारा की जाने वाली लोक लुभावन घोषणाओं पर लगाम लगा सके, तो हम प्रदेश के विकास की नई तस्वीर देख सकते हैं। यदि हमारे निर्वाचन आयोग को 'पिंजरे का तोता' बनाकर रख दिया गया तो, वह दिन दूर नहीं जब भारत वर्ष का श्रीलंका बन जाएगा! यदि हम श्रीलंका या फिर ऐसा ही कोई राष्ट्र नहीं बनना चाहते हैं , तो वित्त आयोग से लेकर नीति आयोग को फ्री की घोषणाओं पर नियंत्रण करने पर गौर करना होगा।

डॉ सूर्यकांत मिश्रा, राजनांदगांव

## कृषि उपज विपणन बोर्ड भोपाल का कारनामा

# पहले मंडी में किया घटिया निर्माण अब गोदाम की जगह बनाया जा रहा टीन सेट

**नौगाँव, देशबन्धु।** नगर में बनी कृषि उपज मंडी का निर्माण हरिओम क्ट्रेक्शन कम्पनी जतारा द्वारा किया गया था करोड़ो रूपये से निर्मित कृषि उपज मंडी का ऐसा घटिया निर्माण इस कम्पनी द्वारा किया गया था कि बगैर उपयोग के ही सड़के और इमारतों में फर्श, दीवारों में दरार, सीसी रोड सभी उधड़ गए जबकि निर्माण के बाद अभी एक बर्ष से उपयोग शुरू हुआ है बिल्डिंग की दीवारो में मॉश्चर दिखाई देता है और बिलहरी से मंडी पहुच मार्ग का हाल तो और खराब हुआ घटिया निर्माण की बजह से सारी सीसी रोड उखड़ गयी जगह जगह गड्ढे निकलना वाहन जाना कठिन हो गया है सूत्रों की माने तो हरिओम कन्ट्रेक्शन कम्पनी का मालिक मंडी बिभाग में बड़े पद पर कार्यरत है उसकी अधिकारियों में पकड़ है इसलिए मंडी बोर्ड से जो भी निर्माण कार्य होते है वह लगभग इसी कम्पनी को मिलते है बिभाग में कार्यरत होने से कोई इन पर उंगली नही उठाता इसका लाभ यह घटिया निर्माण कर लेते रहते है इन्होंने कम्पनी अपने परिजनों के नाम से बनवाई है जिसका डायरेक्टर इनका भाई है ठीक उसी तरह भ्र्ष्टाचार जिस तरह परिवार का कोई सदस्य



बिधायक या सासंद , मंत्री हो जाता है तो पूरा परिवार रिस्तेदार लूट खसोट मचाते है यही कार्य हरिओम कन्ट्रेक्शन कम्पनी नौगाँव कृषि उपज मंडी में करती रही और करने जा रही है।

**प्रस्ताव कुछ दिया, कार्य कम्पनी को फायदा पहुचाने बाला शुरु :** नौगाँव में 2013 में सीएम शिवराज सिंह द्वारा मेला ग्राउंड की आम सभा मे उप मंडी की जगह पूर्ण मंडी का दर्जा नौगाँव को दिया गया था जमीन आवंटन के बाद नवीन कृषि उपज मंडी बनाने का ठेका हरिओम कन्ट्रेक्शन कम्पनी जतारा को मिला था यह जगह आउट साइड में होने की बजह से आम लोगो का आना जाना नही रहा किसी को सालो खबर नही लगी और कम्पनी घटिया निर्माण करती रही निर्माण में फायदे वाले बिंदु ही रखे गए थे जबकि ब्यापारियों के लिए गोदाम , दुकाने सबसे पहले बनानी थी जो नही बन पायी और नवीन मंडी बनने के बाद भी मंडी में ब्यापार आज तक सुरू नही हो पाया जबकि मंडी द्वारा जो प्रस्ताव मंडी बोर्ड को भेजा गया था उसमें गोदाम, और दुकानों के निर्माण की मांग की गई थी जिससे ब्यापार मंडी के भीतर ही कराया जा सके मगर मंडी बोर्ड द्वारा उलट करोड़ो रूपये के कार्य वही दे दिए जिनकी जरूरत नही थी पहले से पर्याप्त चार चबूतरे टीन शेड बने हुए है मगर फिर टीन शेड निर्माण कराया जा रहा है जिसकी कोई जरूरत नही थी मगर बर्ष्टाचारी शाशन में यही चल रहा खाओ और खवाओ इसे हम यह भी कह सकते है दर्द पेट मे था मलहम पीठ में लगायी गयी।

**कैसे बचेगा मंडी टैक्स का नुकसान :** नगर में 12 से 15 किलोमीटर के दायरे में फैली मंडी व्यापारी घर घर खोले बैठे दुकान करते है किसान की उपज की मनमानी तौल किसान का होता है नुकसान मंडी में नही होती डाक बोली नही मिलता उचित लाभ बड़े क्षेत्र में फैली मंडी के कारण टैक्स चोरी कर निकाली जाती है माल भरी गाड़ी 5 किलोमीटर वार्डर पार कर हो जाते है सुरक्षित वही नगर की तहसील में भार साधक अधिकारी बैठते है पर बसूली का अर्थ उनके पास पहुचता होगा अगर नही जाता तो इतने बड़े पैमाने पर मनमानी और टैक्स चोरी क्यो करवायी जा रही है प्रतिदिन लाखो रुपये की मंडी टैक्स की चोरी हो रही है इसको रोकना उच्च अधिकारियों का दायित्व है या फिर वह स्वयं इस भर्ष्टाचार में शामिल कहलाये जायेगे।

# अवैध गांजे के साथ पकड़ा युवक, मामला दर्ज



**नौगांव -छतरपुर।** नगर में लंबे अर्से से अवैध गांजा की बिक्री चर्चायें थी जिसको लेकर पुलिस भी सक्रिय थी और गांजा बेचते समय आरोपी को पकडने् के लिये मुखबिर भी लगाये गये थे। लेकिन बार बार आरोपी पुलिस को चकमा दे देता था रविवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को मय गांजे के साथ गिरफतार किया और एनडीपीएस के तहत मामला दर्ज किया।

सिविल अस्पातल के पीछे भट्ट बंगला रोड पर रहने वाला रामकिशोर त्रिपाठी पिता पूरन प्रसाद उम्र 50 साल पिछले लंबे अर्से से गांजा का अवैध व्यापार कर रहा था चर्चाओं में था वह अपने घर से इस कारोबार को अंजाम देता है।

उत्तर प्रदेश के अजनर थाना पुलिस ने एकबार रामकिशोर और उसके भाई को गांजा बेचने के मामले में पकड़ा भी था आरोपी की शिकायत संबंधित विभागों में की गयी थी जिसको लेकर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना प्रभारी सतीश सिंह लगातार मुखबिर लगाये हुये थे कब आरोपी मय गांजा के पकड़ा जाये। रविवार की दोपहर सूचना मिली की रामकिशोर एक नीले थैला में गांजा लिये खड़ा है और बेचने की फिराक में है सूचना मिलते ही पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा नीले रंग के थैले से 252 ग्राम गांजा कीमत 2500 रूपये का मिला। पुलिस ने गांजा बेचने के संबंध में लाईसेंस के बारे में पूछा वह उसके पास नहीं था।

**घर की ली तलाशी :** पुलिस बड़ी कार्यवाही की फिराक में थी और इसलिये आरोपी रामकिशोर त्रिपाठी पर निगरानी रखे हुये थे जब आरोपी को गांजे सहित पकड़ा गया तो उसके घर की तलाशी ली गयी। हालांकि पुलिस को घर से गांजा बरामद नहीं हो पाया। आरोपी से पूछताछ की जा रही थी। कार्यवाही में थाना प्रभारी सतीश सिंह , उपनिरीक्षक राजकुमार यादव, प्रधान आरक्षक भूपेन्द्र, अरविन्द्र, प्रमोद, मनीष त्रिपाठी, रामराज सिंह, आरक्षक जीतेन्द्र, ब्रजलाल, मुकेश, महिला आरक्षक आरती और सीमा मौजूद रही।

# शिक्षक ने छात्रा को बेरहमी से पीटा

**भोपाल, देशबन्धु।** सूखी नेपानिया इलाके में संचालित शासकीय एकीकृत शाला में शुक्रवार को एक शिक्षक ने छटवीं कक्षा की छात्रा की बेरहमी से पिटाई कर दी। इससे छात्रा के गुप्तांग में भी चोटें आई हैं। मारपीट से डरी सहमी छात्रा ने स्कूल जाने से मना कर दिया। परिजनों ने वजह पूछी तो घटना का पता चला इसके बाद अभिभावकों ने गांव वालों को बताया कि शनिवार को स्कूल के प्रधानाध्यापक और जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) के पास इसकी शिकायत की।

छात्रा के अभिभावकों ने बताया कि वे खेत पर मजदूरी का काम करते हैं। बेटी छटवीं कक्षा में पढ़ती है। उसे शुक्रवार को नश में धुत शिक्षक संतोष अहिरवार ने बेरहमी से पीटा। इससे बच्ची के गुप्तांग पर भी चोटें आई। इससे डरी सहमी बच्ची शनिवार को जब स्कूल नहीं गई तो हमने वजह पूछी। तब उसने रोते हुए बताया कि स्कूल में शिक्षक लंबे समय से पिटाई करते आ रहे हैं।

शुक्रवार को उन्होंने स्कूल में इतना मारा कि अब मैं स्कूल नहीं जाना चाहती हूं। बेटी की यह बात सुनने के बाद अभिभावक बच्ची के साथ पढ़ने वाले बच्चों के घर पहुंचे। जहां बच्चों ने बताया कि शिक्षक शराब पीकर स्कूल आते हैं। अभद्र व्यवहार करते हैं। इसके बाद उन्होंने स्कूल प्रधान अध्यापक और जिला शिक्षा अधिकारी से शिकायत कर शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

# आरकेडीएफ समूह ने निकाली मतदान जागरूकता रैली

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश विधान सभा के लिए 17 नवम्बर को होने वाले मतदान में बढ़चढ़कर भाग लेने और युवाओं को मतदान के लिए प्रेरित करने आरकेडीएफ समूह ने अध्यक्ष डॉ.सुनील कपूर, कुलाधिपति साधना कपूर और एमडी सिद्धार्थ कपूर के मार्गदर्शन में शनिवार को मतदाता जागरूकता अभियान रैली का आयोजन किया । रैली को कलेक्टर आशीष सिंह, जिला पंचायत सीईओ ऋतुराज और कुलपति डॉ. विजय अग्रवाल ने झंडा दिखाकर रवाना किया। रैली में 5 हज़ार से अधिक लोग शामिल हुए। 2 किलोमीटर लंबे रैली में एक हज़ार से अधिक वाहन शामिल थे।



इस अवसर पर कलेक्टर आशीष सिंह ने रैली में शामिल लोगों को शपथ दिलाते हुए आह्वान किया कि अपने मताधिकार का उपयोग करते हुए देश और प्रदेश के विकास के लिए अच्छे जनप्रतिनिधियों का चयन करें। पिछले चुनाव में भोपाल का वोटिंग प्रतिशत महज 65 प्रतिशत था जिसे सौ प्रतिशत करते हुए हमें इस कसौटी पर खरा उतरना है। कुलपति प्रो विज्य अग्रवाल ने कहा कि लोकतंत्र के इस महा पर्व में हम नागरिकों के जनजागरण के लिए यह प्रयास कर रहे इसमें एन सी सी और एन एस एस के स्वयंसेवक भी बड़ी संख्या में भाग ले रहे। जिला पंचायत सीईओ ऋतुराज ने कहा कि इस चुनाव में हमारा पूरा फोकस युवाओं पर है। युवाओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए हमने कॉलेजों में लिटरेसी क्लब शुरू किए हैं।

रैली आरकेडीएफ केम्पस गांधीनगर से प्रारंभ होकर अब्बास नगर, लालघाटी, रॉयल मार्किट, हमीदिया रोड, पीएचक्यू ,न्यू मार्केट, मैनिट चौराहा सुभाष स्कूल, रानी कमलापति स्टेशन होशंगाबाद रोड़ से होते हुए 11 मील तिराहे पर सम्पन्न हुई। रैली में आरकेडीएफ समूह से संबंधित एसआरके यूनिवर्सिटी, भाभा विश्व विद्यालय सत्य साईं विश्व विद्यालय आरकेडीएफ मेडिकल कालेज, सत्य साईं ऑटोमोबाइल्स और अन्य संस्थानों से अनेक शिक्षाविद शामिल थे जिनमें प्रो आर पी एस चौहान, कुलपति श्रीमती रुचि चौबे, सी ई ओ प्रसाद पिल्लई, प्रियंका जायसवाल, डॉ सुनील पाटिल, कुलसचिव डॉ श्याम पाटकर, डॉ एन के लारिया, डीन डॉ नीलेश दिवाकर, डॉ एस एस पवार, श्री योगराज सिंह, जुनेद अली, डॉ निमिष मेहता, डॉ रत्नेश जैन, कोलार परिसर से डॉ अनूप सिंह, डॉ राहुल सिंह , डॉ सुहेल अहमद शामिल हैं।

# एटीएम कार्ड बदलकर लगाई 54 हजार रुपये की चपत

**भोपाल, देशबन्धु।** शाहपुरा थाना इलाके में सांची पार्लर संचालक अपने पिता का एटीएम कार्ड लेकर पैसा निकालने पहुंचा था। जहां पर पहले से मौजूद दो अनजान लोगों ने धोखे से उसका एटीएम कार्ड बदल लिया।


## म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग सागर
## भवन भूखण्ड हस्तान्तरण/नामान्तरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मण्डल कॉलोनी पं दीनदयाल नगर सागर में स्थित ढाचा भवन क्रमांक 416 मंडल द्वारा श्री दिलीप कुमार खत्री को आवंटित किया गया था। एवं ढाचा भवन क्रमांक 417 श्री रघुराज सिंह ठाकुर को आवंटित किया गया था। उक्त दोनो ढाचा भवन निरस्तीकरण उपरान्त श्री सुरेश कुमार रजक पिता श्री जगदीश प्रसाद रजक को आवंटित किया गया। भाडा क्रय आधार पर उक्त दोनो ढाचा भवनों का नामान्तरण श्री शैलेन्द्र कुमार साहू पिता श्री रघुवीर प्रसाद साहू के नाम से किया गया। जिसका विक्रय विलेख मण्डल द्वारा 19.03.2012 को निष्पादित कराया गया। श्री शैलेन्द्र कुमार साहू पिता श्री रघुवीर प्रसाद साहू द्वारा उक्त ढाचा भवन विक्रय विलेख निष्पादित दिनांक 16.11.2020 के माध्यम से श्री अर्जुन सिंह सूर्यवंशी पिता श्री प्रकाश सूर्यवंशी को विक्रय किया। श्री अर्जुन सिंह सूर्यवंशी पिता श्री प्रकाश सूर्यवंशी द्वारा उक्त भूखण्ड/भवन स्वयं के नाम से नामान्तरित/हस्तान्तरित कराने हेतु आवेदन/दस्तावेज/शपथ पत्र इस कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। यदि किसी व्यक्ति को संस्था या हित रखने वाले वैद्य व्यक्ति को हस्तान्तरण/नामान्तरण बावत आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशन होने से 15 दिवस के अन्दर लिखित में वैद्य आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के पश्चात हस्तान्तरण/नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी का कोई दावा मान्य नहीं होगा।

**सम्पत्ति अधिकारी**
**म.प्र.गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल संभाग, सागर**


# वर्चस्व को लेकर 2 बदमाशों के गुर्गे भिड़े, 1 गंभीर

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी में शनिवार देर रात शाम दो कुख्यात बदमाशो के गुर्गों के बीच सरेराह मुठभेड़ हो गई। इस दौरान दानों तरफ से धारदार हरियारों से हमले किए गए। इसमें एक बदमाश गंभीर रुप से घायल हो गया। वहीं सरे राह हुई इस घटना से अफरा तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर के कुख्यात बदमाश जुबेरे मौलाना और पप्पू चटका गिरोह के बीच वर्चस्व को लेकर लंबे समय से लड़ाई चल रही है। इसी के चलते शनिवार शाम जुबेर मौलाना के आधा दर्जन ज्यादा गुर्गे दो पहिया वाहनों पर सवार होकर पप्पू चटका के गुर्गों पर हमला करने रोशनपुरा चौराहे पर आए थे। यहां इन्हें पता चला कि पप्पू के लोग बाणगंगा चौराहे पर है तो वे वहां पहुंच गए। इस पर यहां दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। चूंकि पप्पू के गुर्गे ज्यादा संख्या में थे लिहाजा वे भारी पड़े तो जुबेर के गुर्गे भाग खड़े हुए। लेकिन एक बदमाश पप्पू के लोगों के हत्थे चढ़ गया। इस पर उन्होंने उस पर हमला कर दिया और उसके बेदम होने तक राड़, डंडे और चाकू-छुरी से उस पर हमला करते रहे। सरेराह हुई इस घटना से अफरा तफरी मच गई।


## प्रारूप C-1

**आपराधिक प्रकरणों के सम्बंध में घोषणा:-**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता:-**रक्षा सिंह राजपूत**
**गृह संख्या 303, 1-चंद्रशेखर आजाद वार्ड मालथोन, जिला सागर**

राजनैतिक दल का नाम:- **इण्डियन नेशनल कांग्रेस**

निर्वाचन का नाम:- **मध्यप्रदेश विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2023**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम:- **36-खुरई**

मैं **रक्षा सिंह राजपूत** उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के सम्बन्ध में निम्नलिखित विवरण घोषित करती हूँ

**A:- लंबित आपराधिक प्रकरण**

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओ) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | लागू नहीं होता | थाना खुरई जिला सागर का अपराध क्र. 74/2023 | अन्वेषणधीन | धारा 294, 506 भा.द.सं. |
| 2. | लागू नहीं होता | थाना मालथोन जिला सागर का अपराध क्र.256/2022 | अन्वेषणधीन | धारा 420, 468, 471 भा.द.सं. |

**B:- दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण**

| क्र.सं | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियाँ) | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| 1. | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता |
| 2. | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता | लागू नहीं होता |



## प्रारूप C-1

**आपराधिक प्रकरणों के सम्बंध में घोषणा:-**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता:- **निर्मला, प्रताप वार्ड बीना 470113**

राजनैतिक दल का नाम:- **इंडियन नेशनल कांग्रेस**

निर्वाचन का नाम :- **विधानसभा बीना**

निर्वाचन का नाम :- **बीना**

मैं **निर्मला** (अथ्यार्थी का नाम) उपर्युक्त निर्वाचन के लिये एक अभ्यार्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिये अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करती हूं:

**A:- लंबित आपराधिक प्रकरण**

| क्र.सं. 1. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओ) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| | न्यायिक दण्डाधिकारी बीना | आर.सी.टी. 580/22 | लंबित | धारायें 149, 341 भा.द.विं. |

**B:- दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण**

| क्र.सं | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियाँ) | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| 1. | निरंक | निरंक | निरंक |



## प्रारूप C-1

**आपराधिक प्रकरणों के सम्बंध में घोषणा:-**

(2011 की रिट याचिका (सिविल) नंबर 536 में माननीय सर्वोच्च न्यायालय के 25 सितम्बर, 2018 के निर्णय के अनुसार (पब्लिक इंटरेस्ट फाउंडेशन और ऑर्स बनाम भारत संघ एवं एएनआर)

अभ्यर्थी का नाम और पता:- **गोविन्द सिंह राजपूत, 1 सीमा नगर मधुकर शाह वार्ड सागर (म.प्र.)**

राजनीतिक दल का नाम:- **भारतीय जनता पार्टी**

(स्वतंत्र अभ्यर्थी यहां ''निर्दलीय'' लिखे)

निर्वाचन का नाम:- **मध्यप्रदेश राज्य विधानसभा सामान्य निर्वाचन वर्ष 2023**

निर्वाचन क्षेत्र का नाम:- **37 सुरखी**

मैं **गोविन्दसिंह राजपूत** (अभ्यर्थी का नाम), उपर्युक्त निर्वाचन के लिए एक अभ्यर्थी, सार्वजनिक जानकारी के लिए अपने आपराधिक पूर्ववृत्त के संबंध में निम्नलिखित विवरण घोषित करता हूँ।

**A:- लंबित आपराधिक प्रकरण**

| क्र.सं. | न्यायालय का नाम | प्रकरण संख्या एवं तारीख | प्रकरण की स्थिति | संबंधित अधिनियमों की धारा (ओ) और अपराध (अपराधों) का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | न्या. श्रीमान न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी इंदौर | ssppm/37/2023 | आरोप तय नहीं | धारा 188 भा. दण्ड संहिता |
| 2. | पुलिस थाना राहतगढ़ सागर | FIRक्र.0694/2023 | चालान प्रस्तुत नहीं | धारा 188 भा. दण्ड संहिता<br>धारा 123 लो. प्रति अधिनियिम |

**B:- दंडनीय अपराधों के लिए सजा के प्रकरणों का विवरण**

| क्र.सं | न्यायालय का नाम और आदेश (आदेशों) की तिथि (तिथियाँ) | कार्यालय (यों) और लगायी गयी सजा का विवरण | लगाया गया अधिकतम दंड |
|---|---|---|---|
| 1. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |
| 2. | लागू नहीं | लागू नहीं | लागू नहीं |

जतारा में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने की जनसभा

# जनगणना कराने के झूठे वायदे कर रही भाजपा और कांग्रेस : यादव



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** विधानसभा जतारा से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी आरआर वंशल के पक्ष में मतदान करने के लिए रविवार को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनावी सभा को संबोधित किया। मंच से उन्होंने भाजपा और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि 1931 में कांग्रेस ने जातिगत जनगणना बंद कर दी थी। अब कांग्रेस और भाजपा जातिगत जनगणना कराने का झूठा दिखावा कर रही है। सपा प्रत्याशी आरआर बंसल से उन्होंने कहा कि कमलनाथ ने आपको ही नहीं, मुझको भी धोखा दे दिया। जिले में अनुसूचित जाति वर्ग के लिए आरक्षित जतारा विधानसभा में समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस से बागी हुए आरआर बंसल को मैदान में उतारा है। आरआर बंसल पिछला चुनाव महान दल से लड़े थे और दूसरे नंबर पर रहे थे। श्री यादव ने कांग्रेस पर मप्र में गठबंधन तोड़ने के आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस और भाजपा दोनों ही पार्टियों जनता से झूठे वादे करती हैं। उन्होंने कहा कि पिछले बार हम मध्य प्रदेश में एक सीट जीते थे, लेकिन इस बार हम ज्यादा सीटें जीतेंगे। जनसभा के बाद अखिलेश यादव ने मीडिया के सवालों का जवाब देते हुए कहा कि 1931 में कांग्रेस ने जातिगत जनगणना बंद कराई थी। आज कांग्रेस के नेता एक बार फिर जातिगत जनगणना कराने के झूठे वादे कर रहे हैं। भाजपा भी पिछड़ा वर्ग के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि जनता को भाजपा और कांग्रेस से बचकर रहने की जरूरत है। अखिलेश यादव ने कहा कि एक ओर सरकार कह रही है कि देश में गरीबी कम हो रही है। दूसरी ओर फ्री राशन 5 साल के लिए बढ़ा दिया गया है। उन्होंने कहा कि बीजेपी चाहती है कि लोगों को रोजगार न देना पड़े, केवल राशन के नाम पर वोट मिलते रहें।

विधानसभा चुनाव प्रेक्षक ने अवैध उत्वनन कर रहे वाहनों पर कराई कार्यवाई

# जेसीबी मशीन व ट्रैक्टर ट्रॉली को दिगौड़ा थाने में कराया जप्त



**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बर्मामांझ में रविवार की दोपहर मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने के लिए जा रहे विधानसभा चुनाव प्रेक्षक ने अवैध रूप से मिट्टी का उत्खनन कर रही जेसीबी मशीन सहित ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया। विधानसभा चुनाव प्रेक्षक द्वारा खनिज विभाग को इस मामले के लिए निर्देशित किया गया। खनिज विभाग द्वारा जप्त किए गए वाहनों पर कार्यवाही की गई है। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर को विधानसभा चुनाव प्रेक्षक ने बर्मामांझ, बर्माडांग, लुहरगुवां, पनियारा खेरा में स्थित मतदान केंद्रों का निरीक्षण करने के लिए जाते समय ग्राम बर्मामांझ के पास तलैया में जेसीबी मशीन अवैध रूप से मिट्टी का उत्खनन करते हुए दिखाई दी।

जेसीबी मशीन चलाने की अनुमति व दस्तावेज नहीं होने पर विधानसभा चुनाव प्रेक्षक ने खनिज विभाग अधिकारी व स्थानीय दिगौड़ा पुलिस को बुलाकर जेसीबी मशीन व ट्रैक्टर ट्रॉली को जप्त करा दिया। खनिज विभाग अधिकारी एस जेड अली ने पुलिस थाने में आकर जेसीबी मशीन व ट्रैक्टर ट्रॉली पर कार्यवाही कर दोनों वाहनों को दिगौड़ा पुलिस की अभिरक्षा में दे दिया है।

भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री ने कार्यकर्ताओं से की मुलाकात

# राष्ट्रहित के विचारों के साथ चलने वाली पार्टी है भाजपा : शिवप्रकाश



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** रविवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश ने भाजपा के जिला कार्यालय पहुंचकर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में सागर संभाग प्रभारी भाजपा मुकेश सिंह चतुर्वेदी, टीकमगढ़ भाजपा जिला अध्यक्ष अमित नुना, निवाड़ी भाजपा जिला अध्यक्ष अखिलेश अयाची, सांसद संजय भाटिया मंचासीन रहे। मुख्य अतिथि के रूप में पधारे भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की जीत उसके कार्यकर्ता सुनिश्चित करते हैं। सभी प्रभारी, सेक्टर प्रभारी तन मन धन से मैदान में जीत के लिए डटे हुए हैं।

भाजपा हमेशा राष्ट्रहित के विचारों से चलने वाली पार्टी है और भाजपा सरकार उन्हीं पद्चिन्हों पर चलकर जनता की सेवा करती है। मध्य प्रदेश में भाजपा पूर्ण बहुमत से सरकार बनाने जा रही है। चौधरी मुकेश सिंह चतुर्वेदी ने कहा कि कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा के उद्देश्यों, भाजपा सरकार द्वारा चलाई गई जनहितकारी योजनाओं को जनता के बीच रखकर गिनाना है, जिनसे आज युवा, किसान, गरीब, वंचित वर्ग का व्यक्ति विकास की मुख्य धारा में जुड़ पाया है। भाजपा जिला अध्यक्ष अमित नुना ने कहा कि पार्टी ही सर्वोपरि है। पार्टी ही कार्यकर्ता की मूल पहचान होती है। सभी कार्यकर्ता पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी का कर्तव्य निर्वहन करते हुए अपने-अपने बूथ पर मजबूती के साथ खड़े होकर भाजपा विजय की ओर ले जाएंगे। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता अशोक गोयल, केके भट्ट, गोविंद बिहारी अग्रवाल, सुरेंद्र प्रताप सिंह बेबी राजा, नंद किशोर नापित, विवेक चतुर्वेदी, गोपाल सिंह राय, वीरेंद्र सिगई, सत्येंद्र ठगन, छत्रपाल सिंह छोटू राजा, वीरेंद्र राणा, रामचंद्र कंभुजिया, राजेश नायक, अनिल खरे, राकेश आठिया, विश्व दीपक मिश्रा, रमेश पाठक, कमलेश जैन सहित वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जमीनी विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई से की मारपीट

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बैदऊ में रविवार की सुबह जमीन के हिस्से को लेकर दो सगे भाइयों में विवाद हो गया। इस विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई के साथ लाठी से मारपीट कर दी। पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया। पुलिस थाना से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी तिलक सिंह पिता बुंदेली घोष उम्र 49 निवासी बैदऊ ने पुलिस थाने में आकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि 5 नवंबर की सुबह करीब 7 बजे जमीन के हिस्से बांट को लेकर छोटे भाई दुर्ग सिंह घोष से विवाद हो गया। इस विवाद में छोटे भाई ने लाठी से पीड़ित की मारपीट कर दी। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर का विवेचना में लिया है।

# 5 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दुशयारा में शनिवार की रात को मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए दिगौड़ा पुलिस ने व्यक्ति के कब्जे से कच्ची शराब को जप्त कर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की रात को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम द्वारा की छापामार कार्यवाही में ग्राम दुशयारा का नंदराम रैकवार 32 साल अपने घर के सामने चबूतरे पर प्लास्टिक की कुप्पी में अवैध शराब रखे हुए था। पुलिस टीम ने आरोपी के कब्जे से 5 लीटर हाथ भट्टी से बनी हुई महुआ की अवैध कच्ची शराब को जप्त किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया। इस कार्रवाई में प्रधान आरक्षक सादिक खान व प्रभु सिंह यादव की मुख्य भूमिका रही।

# भाजपा प्रत्याशी ने ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क करके मांगा समर्थन

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** भाजपा प्रत्याशी राकेश गिरी ने भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ ग्राम सापौंन, अजनौर, अंतौरा, भैरा में जनसंपर्क करके भाजपा के पक्ष में मतदान कर जिताने की अपील की है। रविवार 5 नवंबर के दिन भाजपा प्रत्याशी राकेश गिरी ने भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं के साथ टीकमगढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मवई में जनसंपर्क कर जनता जनार्दन से भाजपा के पक्ष में आशीर्वाद मांगा और कमल के फूल पर वोट डालकर टीकमगढ़ विधानसभा में एक बार फिर कमल खिलाकर भाजपा को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाने का आग्रह किया।



# जिस पार्टी ने सिद्धांत और नीति छोड़ी, उसे मेने छोड़ दिया: कृष्ण कुमार




**टीकमगढ़, देशबन्धु।** विधानसभा टीकमगढ़ में निर्दलीय ताल ठोक रहे भाजपा के बागी नेता पूर्व विधायक कृष्ण कुमार श्रीवास्तव ने रविवार को ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क करके उनके चुनाव चिंह टैक्सी को वोट देने का आग्रह किया। इस अवसर पर उन्होने ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ सभाएं करके भाजपा को सिद्धांतो और रीति-नीतियों से किनारा करने की बात कहते हुए कहा कि जिस पार्टी ने अपने सिद्धांतों से किनारा कर लिया, उसे मेने छोड़ दिया। श्री श्रीवास्तव ने कहा कि आपके सामने तीन पूर्व विधायक मैदान में हैं, अब सभी के कार्यकाल में कराए गए कार्यों का आंकलन करके आप वोट करिए। उन्होने कहा कि मेने अपने कार्यकाल में बिजली और पानी के समुचित प्रबंध करने का भरसक प्रयास किया। रविवार को श्री श्रीवास्तव ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गणेशगंज, कुंडेश्वर, जमड़ार, मिनौरा, नीमखेरा, सुजानपुरा, चरपुंआ, पांडेर, सूरजपुरा, हरपुरा, हसरऊ, खिरिया नाका, बरखिरिया, नैगुंवा, धनवाहा, घाटखिरिया, तिंदारी, करमारई, अस्तौन पहुंचकर जनसंपर्क किया। इस अवसर पर उनके साथ समर्थक मौजूद रहे।

# डाक मतपत्र में मतदान कराने हेतु फेसेलिटेशन सेन्टर स्थापित

**टीकमगढ़।** विधानसभा सामान्य निर्वाचन 2023 अंतर्गत निर्वाचन ड्यूटी में संलग्न रहने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों से डाक मतपत्र में मतदान कराने हेतु फेसेलिटेशन सेन्टर स्थापित किये गये हैं। तदनुसार प्रशिक्षण के दौरान 7 नवम्बर को प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे तक पुष्पा इग्लिश मीडियम स्कूल टीकमगढ़ तथा पीजी कॉलेज टीकमगढ़ में विधानसभा क्षेत्र-43 टीकमगढ़, विधानसभा क्षेत्र-44 जतारा तथा विधानसभा क्षेत्र-47 खरगापुर के अधिकारी/कर्मचारी डाक मतपत्र में मतदान कर सकते हैं। इसी प्रकार 8 नवम्बर को प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे तक पीजी कॉलेज टीकमगढ़ में विधानसभा क्षेत्र-43 टीकमगढ़, विधानसभा क्षेत्र-44 जतारा तथा विधानसभा क्षेत्र-47 खरगापुर के अधिकारी/कर्मचारी डाक मतपत्र में मतदान कर सकते हैं। इसी प्रकार 9 नवम्बर को प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे तक पुलिस लाईन टीकमगढ़ में विधानसभा क्षेत्र-43 टीकमगढ़, विधानसभा क्षेत्र-44 जतारा तथा विधानसभा क्षेत्र-47 खरगापुर के अधिकारी/कर्मचारी डाक मतपत्र में मतदान कर सकते हैं। इसी प्रकार 10 नवम्बर को प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे तक संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन परिसर टीकमगढ़ में विधानसभा क्षेत्र-43 टीकमगढ़, विधानसभा क्षेत्र-44 जतारा तथा विधानसभा क्षेत्र-47 खरगापुर के अधिकारी/कर्मचारी डाक मतपत्र में मतदान कर सकते हैं। 11 नवम्बर को प्रात: 10 बजे से शाम 5 बजे तक संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर टीकमगढ़ में विधानसभा क्षेत्र-43 टीकमगढ़, विधानसभा क्षेत्र-44 जतारा तथा विधानसभा क्षेत्र-47 खरगापुर के अधिकारी/कर्मचारी डाक मतपत्र में मतदान कर सकते हैं।

कांग्रेस प्रत्याशी ने नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में किया जनसंपर्क

# कमीशन राज से मुक्ति के लिए कांग्रेस को करें वोट: यादवेन्द्र



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** विगत अठारह वर्षों की भाजपा सरकार में ढाई सौ से ज्यादा महा घोटाले हुए हैं। प्रदेश की जनता को कमीशन राज से मुक्त कराने के लिए प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनाने में अपना सहयोग प्रदान करे। प्रदेश में बैठी शिवराज सरकार का मतलब ही पचास फीसदी कमीशन राज है। अब भ्रष्टाचार सहन करना बंद करो और आने वाली 17 तारीख को अपने मत का प्रयोग प्रहार के रूप में कर के कांग्रेस का हाथ मजबूत करें। यह बात टीकमगढ़ विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व मंत्री यादवेन्द्र सिंह बुन्देला ने अपने विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों का सघन जनसंपर्क करते हुए कही। रविवार को कांग्रेस प्रत्याशी श्री बुन्देला नगरीय क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में पहुंचे। इसके पश्चात वह दोपहर में ग्राम बड़ागांव खुर्द, कुशवाहा मोहल्ला, हरिजन बस्ती, किलेदार मुहल्ला, उत्तमपुरा, गुसांई का मजरा, गोपालपुरा, फुटेरी, अमरपुर सहित आलमपुरा आदि ग्रामों में पहुंचे। इन ग्रामों में उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ के घोषणा पत्र सहित वचन पत्र का उल्लेख करते हुए जनता से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का विनम्र आग्रह किया है। कांग्रेस प्रत्याशी श्री बुन्देला ने जनता से रूबरू होते हुए कहा कि आदिवासी, किसान, महिला, मजदूर इन सभी को भाजपा सरकार के घोटालों ने विकास से कोसो दूर कर दिया है। यह सरकार अभी तक घोटालों के पहियों से चल रही थी। संबल योजना में कई फर्जी लाभार्थियों को लाभ पहुंचाया गया है। सारे नियम कानूनों की धज्जियां उड़ा कर आदिवासियों की जमीनें हड़पने का जो काम टीकमगढ़ विधानसभा में हुआ है वह किसी स छुपा नहीं है। अंत में उन्होंने सभी जनता जनार्दन का आभार व्यक्त किया है। इस अवसर पर सूर्यप्रकाश मिश्रा, संजय नायक, गौरव शर्मा, भरत सोनी, आनंद चौबे, पार्षद पूनम जायसवाल, रामकुमार यादव, पूर्व पार्षद सुनील यादव, रिंकू भदौरा, हबीब राईन, अनीस अहमद, देवेन्द्र नापित, अरविन्द खटीक, लक्ष्मन रैकवार, रानू मिश्रा सहित अनेक कांग्रेसी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की मौजूदगी उल्लेखनीय रही।

# कांग्रेस सरकार बनते ही महिलाओं को मिलेंगी सम्मान निधि, क्षेत्र का होगा विकास : किरण

**टीकमगढ़।** जतारा विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती किरण अहिरवार के पक्ष में बढ़ते जनाधार को लेकर भाजपा प्रत्याशी की मुश्किलें लगातार बढ़ रही है। कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती किरण अहिरवार ने पत्रकारों के समक्ष कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ का पत्र जारी करते हुए बताया कि कांग्रेस की लोकप्रियता को लेकर भारतीय जनता पार्टी में संकट के बादल छाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि जनता में भ्रम फैलाने का काम भारतीय जनता पार्टी कर रही है। किरण अहिरवार ने बताया कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ ने कांग्रेस की सरकार बनते ही सबसे पहले महिला सम्मान निधि 15 सौ, रसोई गैस सिलेंडर 5 सौ रुपए, 100 यूनिट बिजली माफ एवं 200 यूनिट बिजली पर



आधा बिल कर दिया जाएगा। श्रीमती किरण अहिरवार ने कहा कि इसके अलावा कांग्रेस के द्वारा वचन पत्र में जनता और किसानों के लिए कई योजनाओं का उल्लेख किया गया है। रविवार के दिन कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती किरण अहिरवार ने विशानपुरा, मर्दनपुरा, पुखरिया का खिरक, शंकर का खिरक, जेवर, कैत का खिरक, काशी का खिरक, उपरारा, नजरपुरा, वनपुरा, हरकनपुरा, विजरावन, सिधेश्वर का खिरक में जाकर जनसंपर्क किया। उन्होंने जतारा विधानसभा क्षेत्र की जनता से आगामी 17 नवंबर को कांग्रेस के पक्ष में मतदान किए जाने को लेकर जनता का समर्थन मांगा है। इस दौरान कार्यकारी जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह कुशवाहा, डॉक्टर रमेश शर्मा उपरारा, लखन खंगार, विजेंद्र सिंह, राकेश अहिरवार, महाराज सिंह यादव मैदवारा, भरत यादव जेवर, श्रीपद यादव वीरपुर, जगदीश पटेरिया, मोनू राजा दरियापुरा, हरेन्द भास्कर, अजय नायक, जयपाल सोलंकी, राहुल ठाकुर, मानवेन्द्र कुशवाहा, सलामत खान, रमेश अहिरवार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, पदाधिकारी एवं ग्रामीणजन उपास्थित रहे।

# बोलेरो की टक्कर से घायल युवक ने इलाज के बाद दर्ज कराई शिकायत

**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत झांसी हाइवे रोड पर विगत 30 अक्टूबर की रात को एक चार पहिया वाहन ने युवक को जोरदार टक्कर मार दी थी। युवक ने इलाज कराने के बाद रविवार को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

पुलिस थाना से मिली जानकारी के अनुसार मुकेश पिता रमजुआ अहिरवार उम्र 36 साल निवासी बम्होरी 30 अक्टूबर की रात करीब 9 बजे अपने घर से साइकिल से खेत पर जा रहा था। ग्राम पूनोल के पास झांसी हाइवे पर तेज रफ्तार से आ रही एक बुलेरो कार ने युवक को पीछे से टक्कर मार दी थी। इस घटना में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था। बुलेरो का चालक मौके से वाहन को लेकर भाग गया था। परिजन अपने निजी वाहन से घायल व्यक्ति को जिला अस्पताल ले गए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने झांसी मेडिकल कॉलेज रिफर किया गया था। इलाज कराने के बाद युवक ने अपने परिजनों के साथ पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने युवक की रिपोर्ट पर बुलेरो वाहन के चालक संतोष रैकवार पिता मोहन रैकवार निवासी कंजयाना थाना बम्होरी कला के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

अवैध सुतली बम कारखाने पर किरकिरी के बाद एक्शन मोड में पुलिस

# दमोह पुलिस ने अवैध शस्त्र बनाने की फैक्ट्री पकड़ी



दमोह देशबन्धु। कुछ दिनों पूर्व मीडिया में जिले में अवैध विस्फोटक सामग्री के खुलेआम बिक्री होने की खवरे आने के वाद विगत दिवस शहर के बडापुल क्षेत्र में सालों से संचालित अवैध सुतली रस्सी बम बनाने वाली फैक्ट्री में विस्फोट हो गया था जिस हादसे में अभी तक संचालक सहित छह मौतें हो चुकी हैं। शहर वासियों को जब इस घटना की जानकारी लगी तो लोग पुलिस प्रशासन की इस तरह की अवैध और जानलेवा फैक्ट्री के विषय में नाकामी पर पुलिस की कार्यप्रणाली पर प्रश्न चिन्ह उठाते देखे गये थे। इसके वाद पुलिस अधीक्षक दमोह द्वारा अवैध आग्नेय शस्त्र हथियार रखने वालों के विरुद्ध अधिक से अधिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया।

इसी तारतम्य में देहात पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए एक अवैध हथियार बनाने वाले आरोपी को पकडने में सफलता हासिल की है। थाना दमोह देहात प्रभारी द्वारा एक प्रेसनोट जारी कर जानकारी दी है कि मुश्कीबाबा के पास मागंज वार्ड नं. 04 में संदीप पटेल द्वारा अपने घर पर अवैध शस्त्र, कट्टा बनाने की जानकारी मुखबिर से प्राप्त हुई थी तब सूचना पर कार्यवाही करते हुए आरोपी संदीप पटेल पिता स्व. रामदास पटेल उम्र 36 साल निवासी मुस्कीबाबा दमोह के कब्जे से अवैध देसी कट्टा एवं आग्नेय शस्त्र बनाने की सामग्री विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध अप.क्र 736/ 2023 धारा 25(1-ए), 25 (1-एए), 25(1-बी), 25 (1बी (सी), 27 आयुध अधिनियम पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

कार्रवाई के दौरान आरोपी से एक लोहे का देशी कट्टा, एक लोहा का अधूरा बना हुआ देशी कट्टा, देशी कट्टा के अधूरे यी हुये पार्टस् - बटनुमा अधूरी बनी हुयी संरचना, कुल 07 लोहा की कट्टे की अधूरी बनी हुयी ट्रिगरनुमा संरचनायें, कुल 07 लोहा की कट्टे की प्लेटफॉर्मनुमा बनी हुयी संरचनायें कुल 07 लोहे के पाईप, कुल 08 लोहा की कट्टे के बैरल व प्लेटफॉर्म के बीच लगने वाली लोहा की चादर को मोड़कर बनायी गयी संरचनायें एवं हथियार बनाने मे उपयोग की जाने वाली सामग्री एक हरे रंग का ग्राइंडर मय फ्लेप डिस्क मय काले रंग की डोरी के, ग्राइंडर की दो फ्लेप डिस्क, एक रेत पेपर, एक आरी, एक लोहा की हथौडी, एक लोहा की लुहानी, एक लोहे की छैनी, एक लोहे का प्लास, एक बड़ी लाहा की सन्सी, एक छोटी लोहा की सन्सी, एक लोहा की पकड़ने वाली कैंची, एक लोहा को किसने वाली लोहा की रेत सुम्बी, एक लोहा घिसने वाली लोहा की छोटी सुम्बी, ग्राण्डर खोलने की लौहा की चाबी एवं तीन लोहा की पत्तियाँ जप्त की गयी हैं।

इस दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों में औद्योगिक इकाई के प्रभारी दमोह के संरक्षक आनंद सिंह ठाकुर, उनि धर्मेन्द्र गुर्जर, प्र. आर रामगोपाल, प्र.आर सौरभ टंडन, प्र0आर राकेश अठ्या, प्र. आर अजीत दुबे, प्र.आर. देवेन्द्र, प्र.आर महेश यादव, सैनिक राकेश दुवे, आर. अजय पटेल, आर.संदीप दीक्षित की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

फोटो 2

## भाजपा की अंतर्कलह खुलकर आई सामने

▸ महिला मोर्चा अध्यक्ष ने पार्टी प्रत्याशी के समर्थकों पर लगाये गंभीर आरोप



दमोह देशबन्धु। पार्टी विद डिफरेंस को लेकर चली भाजपा अब पार्टी नेताओं के बीच खुलेआम खींचतान और आरोप प्रत्यारोप पर आ गयी है। कुछ सालों से भाजपा में जिले के बडे नेताओं के बीच खींचतान की खवरें लोगों के बीच चर्चाओं का विषय रही हैं। अब बडे नेताओं के बीच से चली खींचतान उनके समर्थकों के बीच खुलकर सामने आ गयी है और एन चुनावी माहौल में सोसल मीडिया से लेकर रास्ते पर उतर चुकी खींचतान भाजपा के लिए सुखद परिणाम में वाधा बनती दिख रही है। हालात यहां तक पहुंच चुके हैं कि लडाई अब खुलकर जातिवाद और जाति देखकर राजनीति करने जैसे आरोप लगने लगे हैं। विगत दिनों के घटनाक्रम पर नजर दौड़ाई जाए तो लोधी समाज के जिला अध्यक्ष हाकम सींग भाजपा छोडकर चले गये तो जिले के सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के खास सिपहसालार कुर्मी समाज के बडे नेता और पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल बड्डा जिन्होंने जिला पंचायत और नगर पालिका में भाजपा की हार का ठीकरा जिला भाजपा अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी पर खुलेआम फोड़ते हुए आरोप लगाकर सबको सन्न कर दिया था अब एन चुनाव के दरमियान बहुजन समाज पार्टी के समर्थकों के साथ वीडियो वायरल होने के वाद भाजपा संगठन पर आरोप लगाते हुए सदस्यता से इस्तीफा देकर चले गये उनके पीछे पीछे जिला पंचायत सदस्य बल्लू लिंवरदार ने भी भाजपा छोड दी। अब चुनाव प्रचार के दौरान दमोह आए केन्द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के आगमन पर कार्यक्रम के दौरान भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष शिखा जैन ने भाजयुमो जिला अध्यक्ष भरत यादव पर गंभीर आरोप लगाकर खींचतान की अंदरूनी कलह बाहर खोलकर रख दी है।

जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष शिखा जैन का कहना है कि आज सत्र का बांध टूट चुका है। जबसे चुनाव डिक्लेयर हुए हैं तबसे पार्टी के घोषित उम्मीदवार के आगे पीछे चलने वाले भ्रांतियां फैला रहे हैं कि शिखा जैन को मतगणना के दिन के बाद कोई नहीं जानेगा। मुझे जैन होने के कारण परेशान किया जा रहा है। आज मुझे मंच पर कोई जगह नहीं दी गयी और मेरी शिकायत कराई जा रही है। हम लोगों ने अपना पैसा लगाकर धरातल पर उतरकर पार्टी का काम किया है अब क्या हम लोगों से ऐंसा व्यवहार किया जायेगा? महिला मोर्चा की जानवूझकर वेज्जति की जा रही है। पार्टी के कुछ लोग उन महिलाओं को तवज्जो देते हैं जो महिला मोर्चा से अलग हो जाती है।

## धारदार हथियार से महिला और उसके नाबालिग पुत्र की हत्या

**दमोह देशबन्धु।** जिले के थाना कुम्हारी क्षेत्र अंतर्गत हाथीभार गांव में मां और नाबालिग बेटे की हत्या का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। दिल दहलाने वाला यह पूरा वारदात शनिवार और रविवार की दरमियानी रात का बताया जा रहा है जब खेती बाड़ी का काम करने वाले यादव परिवार के लोग मोटर से पानी चलाकर खेतों से वापस अपने घर लौट कर आए तो देखा कि घर में पत्नी ने दरवाजे नहीं खोले तव पति ने पीछे से पहुंच कर खिड़की में से जाकर देखा तो पत्नी 28 वर्षीय रेखा जमीन पर पडी थी और उसका सात वर्षीय वेटा देवेन्द्र उसकी गोद में दिखा। जानकारी लगते ही मौके पर थाना कुम्हारी प्रभारी रोहित द्विवेदी पुलिस टीम के साथ पहुंचे। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में हटा एस डी ओ पी नितेश पटेल सहित तहसीलदार राजेश सोनी, एफएसएल टीम सागर से रूबी चौहान के द्वारा बारीकी से जांच की जा रही है। निर्मम हत्या को लेकर ग्रामीण जनों में रोष नजर आ रहा है। पुलिस के द्वारा मौके पर पंचनामा मर्ग कायम किया गया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## घर-घर जनसंपर्क कर अजय टंडन ने मांगा आशीर्वाद



**दमोह देशबन्धु।** मप्र विधानसभा चुनाव के अंर्तगत दमोह 55 सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी को अपार जनसर्मथन मिल रहा है। नगर के अनेक वार्डो के उपरांत विधानसभा की प्रमुख ग्राम पंचायत हिरदेपुर में जनसंपर्क करते हुए टंडन से मतदाताओं ने कहा कि 35 वर्ष हमने विरोधी पार्टी पर विश्वास किया किंतु नगर की हालत जस की तस बनी हुई है। दमोह नगर सिकुड़ गया है और उनके कारोबार और जमीने कितने गुना बढ़ गई है उन्हें खुद ही पता नहीं है। यातायात व्यवस्थायें दुरूस्त न होने से आम आदमी को दुर्घटना का शिकार होना पड़ता है पूरी विधानसभा का मजदूर पलायन न करने में लगा है। हिरदेपुर में ही जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि सांसदो को चुनाव लड़वा कर भाजपा क्या संदेश देना चाहती है कही ऐसा न हो सांसदो को पार्षदी का चुनाव भी लड़वा दे भाजपा। हमारे शीर्षस्थ नेताओं ने जो वचन दिये है वह हम पूरा करेगें। चुनावी सरगर्मी के बीच नया बाजार नं.3 के नवयुवको ने एवं मागंज वार्ड 5 के नौजवानो ने कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर कांग्रेसी गम्छा डालकर कांग्रेस की सदस्यता ली। इस अवसर पर रूद्रप्रताप सिंह, लालचंद राय, सतीश जैन, राजेश तिवारी, भूपेन्द्र आजवानी, प्रफुल्ल श्रीवास्तव, अजय सरवसिया समेत अनेक कांग्रेसजनों की मौजूदगी रहीं।

## भाजपा सरकार ने युवाओं को रोजगार देने कई कदम उठाए: ठाकुर

▸ युवा मोर्चा के सम्मेलन में पहुंचे केन्द्रीय मंत्री



**दमोह देशबन्धु।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने युवा मोर्चा दमोह द्वारा आयोजित युवा सम्मेलन में कहा 20 वर्ष पहले कांग्रेस ने मध्य प्रदेश को बीमारू राज्य बनाकर रखा था भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने मध्य प्रदेश को विकास के पथ पर आगे बढ़ाया है बीमारू राज्य से विकसित राज्यों की श्रेणी में मध्य प्रदेश को खड़ा किया है। भाजपा सरकार ने मध्यप्रदेश में युवाओं को रोजगार देने की दिशा में कई सार्थक कदम उठाए हैं। युवाओं को लर्निंग के साथ अर्निंग के तौर पर मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना का लाभ युवाओं को मिल रहा है। यह भाजपा सरकार की सोच बताती है कि युवाओं को किस तरह से आगे बढ़ाकर प्रदेश को विकसित राज्य की दिशा में लगातार आगे बढ़ाना है। कांग्रेस ने हिमाचल ठगा, कर्नाटक ठगा, ठग लिया पूरा राजस्थान, झूठी गारंटियों का पहन के चोला, फिर ठगने निकला कांग्रेस हाईकमान। कांग्रेस की गारंटी झूठी गांरटर भी झूठे, झूठे वादे, 2018 में कांग्रेस ने जो गारंटी दी थी युवाओं को रोजगार, बेरोजगारी भत्ता, विवाह योजना में 51 हजार रुपए, किसानों का कर्ज माफ, कांग्रेस की यह सभी गारंटी फेल हुई, ना युवाओं को रोजगार मिला, ना किसानों का कर्ज माफहुआ, ना विवाह योजना में 51 हजार रुपए मिले और ना बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता मिला, इसलिए कांग्रेस की गारंटीयों पर भरोसा नहीं करना है। आपने जयंत कुमार मलैया को जिताकर विधानसभा में भेजा, वह मंत्री बने और दमोह में जो विकास हुआ है वह केवल जयंत कुमार मलैया के कारण हुआ है, यदि वह नहीं होते तो दमोह का इतना विकास नहीं होता, कांग्रेस कहती है कि उसे अवसर मिले तो वह दमोह का विकास करेगी, अवसर दिया था लेकिन कांग्रेस विधायक ने दमोह का विकास नहीं किया। जयंत कुमार मलैया के इन 5 सालों में विधायक ना होने के कारण कई योजनाएं बाधित हुई, दमोह का विकास रुक गया अब यह गलती नहीं करनी है पुन विधानसभा में जयंत कुमार मलैया को भेजना है। सिद्धार्थ मलैया ने कहा कि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर के युवा मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष रहते हुए हम सभी ने कश्मीर की यात्रा की थी, मैं आज बताना चाहता हूं कि निराशा की कोई बात नहीं है नीति आयोग के आंकड़ों के अनुसार देश के 115 पिछड़े जिलों में से दमोह ने सबसे ऊंची छलांग लगाई है 115 में से दूसरे तीसरे नंबर पर दमोह है दमोह ने विकास के नए आयाम गढ़े हैं सड़क बिजली पानी शिक्षा स्वास्थ्य सभी मामलों में दमोह ने उन्नति की है। और आज हम यह संकल्प लेकर जाएंगे की दमोह को विकास में और आगे बढ़ाएंगे भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा आयोजित दमोह विधानसभा के युवा सम्मेलन में मुख्य अतिथि केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर, उत्तर प्रदेश सरकार में मंत्री कपिल देव अग्रवाल, पूर्व राष्ट्रीय सचिव सुधा मलैया, राहुल कोठारी, महिला मोर्चा प्रभारी प्रज्ञा पाठक, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी, दमोह विधानसभा भाजपा प्रत्याशी जयंत कुमार मलैया, बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ के सह संयोजक श्याम शिवहरे, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष राम पटेल, एवं युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष भरत यादव, पूर्व महामंत्री रमन खत्री, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मालती असाटी, भाजपा युवा नेता सिद्धार्थ मलैया, युवा मोर्चा के सभी पूर्व जिला अध्यक्ष, युवा मोर्चा के सभी मंडल अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## 5 अपराधियों पर की प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**दमोह देशबन्धु।** जिला मजिस्ट्रेट मयंक अग्रवाल ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 05 अपराधियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है। उन्होंने थाना हटा के अनावेदक बृजेश ऊर्फबिज्जू पिता राजेश साहू निवासी हजारी वार्ड हटा, अनावेदक प्रहलाद पटैल पिता परमलाल पटैल निवासी ग्राम हारट हटा, थाना नोहटा के अनावेदक अजय रजक पिता हल्काई रजक निवासी ग्राम हटरी, थाना जबेरा के अनावेदक गोविंद पिता ज्ञानचंद राय निवासी ग्राम सिंग्रामपुर तथा थाना पथरिया के अनावेदक हरी सींग यादव पिता फुल्ले यादव निवासी वार्ड नं.-2 पथरिया को आगामी 03 माह अर्थात 90 दिवस की कालावधि तक के लिये दिये गये निर्देशों का पालन करने हेतु पाबंद किया है। जारी प्रतिबंधात्मक आदेशानुसार अनावेदक बृजेश ऊर्फबिज्जू एवं प्रहलाद पटैल प्रत्येक सोमवार को अनुविभागीय दण्डाधिकारी (एसडीएम) हटा के न्यायालय में तथा अन्य अनावेदक संबंधित थानों के थाना प्रभारी के समक्ष 12 बजे से 01 बजे के मध्य अपनी उपस्थिति दर्ज करायेंगे तथा सामान्य नागरिक की भांति नेक चाल चलन बनाकर रखेगा। इन निर्देशों का उल्लंघन करने पर अधिनियम की धारा 14 के तहत कार्यवाही की जायेगी।

## बाल रंग : चयनित छात्र - छात्राएं संभाग एवं राज्य स्तर पर करेंगे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन



**दमोह देशबन्धु।** बाल रंग के जिला स्तरीय आयोजन में चयनित छात्र छात्राए संभाग एवं राज्य स्तर पर करेंगे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय दमोह में जिला स्तरीय बाल रंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विकासखंडो से आए प्रतिभागी छात्र छात्राओ एवं मार्गदर्शी शिक्षकों ने सहभागिता की बाल रंग कार्यक्रम के जिला स्तरीय आयोजन के अंतर्गत विभिन्न साहित्यिक, सांस्कृतिक, योग, संस्कृत एवं उर्दू, चित्रकला प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया चयनित प्रतिभागियों को जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य एसएल अहिरवार, कार्यक्रम प्रभारी जीपी पटेल, नोडल अधिकारी प्रदीप अग्रवाल, मोहन राय, निर्णायक चित्तर सिंह ठाकुर, डॉ. प्रदीप जैन, राजाराम श्रीवास्तव ने छात्र- छात्राओ को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की, मार्गदर्शी शिक्षकों में हटा से रामस्वरूप चौरसिया, मुकेश श्रीवास्तव, दमोह से बहादुर सिंह ठाकुर, मुग्धा उपाध्याय पथरिया से एसएल अहिरवार द्वारा कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान की।

## अंतिम गांव तक ग्राम योग समिति का निर्माण करना होगा: राजपूत

**दमोह देशबन्धु।** मध्य प्रदेश योग अयोग द्वारा गठित जिला एवंब्लॉक योग समिति के पदाधिकारी एवं सदस्यों की बैठक बेलाताल टापू मंदिर पर आयोजित की गई। जिसमें जिला योग समिति अध्यक्ष दीपक सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष वर्षा शुक्ला ने सभी ग्राम, वार्ड एवं ब्लॉक समिति के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रथम चरण में हमें अपने जिले, ब्लॉक, वार्ड एवं ग्राम में योग समितियो का निर्माण करना था, जिसे हम सभी ने 90 प्रतिशत पूरा कर लिया है, शेष 10 प्रतिशत गांव 20 नवंबर तक ग्राम योग समितियों का गठन करना है, दूसरे चरण में सभी ब्लॉक, वार्ड एवं ग्राम समितियों में एक नि:शुल्क योग की स्थाई कक्षाओं का संचालन एवं ऐप के द्वारा मॉनिटरिंग एवं रिपोर्टिंग करना है, साथ में जिन भाई बहनों को योग प्राणायाम का प्रशिक्षण प्राप्त करना है, ।

## भारतीय भाषा संगम 2023 का हुआ आयोजन



**दमोह देशबन्धु।** केंद्रीय विद्यालय में भारतीय भाषा संगम 2023 का आयोजन किया गया। दमोह के केंद्रीय विद्यालय में शिक्षा मंत्रालय द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार भारतीय भाषा संगम कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया और कार्यक्रमों में सबसे पहले प्राचार्य धर्मेंद्र सिह ने आयोजन के प्रयोजन पर प्रकाश डाला और वक्तव्य दिया उन्होंने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 8 में सम्मिलित भारत की 22 भाषाओं की जानकारी विद्यार्थियों को दी और राष्ट्रीय एकता की शुद्धता के लिए इन भाषाओं को सीखने के लिए विद्यार्थियों का आवाहन किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने हिंदी संस्कृत और मराठी भाषण में तथा बुंदेली बोली में अपने कार्यक्रम प्रस्तुत किया प्राथमिक विभाग के विद्यार्थियों ने विभिन्न राज्यों की भाषा में गाये गए लोकगीतों पर वहां के लोक नृत्य प्रस्तुत किया इस कार्यक्रम में कक्षा 1 से कक्षा 12वीं तक के सभी विद्यार्थियों तथा शिक्षकों की उपस्थिति रही इस प्रकार एक सफल ज्ञानवर्धक कार्यक्रम का आयोजन दमोह के केंद्रीय विद्यालय में किया गया।


## आम आदमी पार्टी के उपाध्यक्ष ने कांग्रेस की सदस्यता ली

दमोह देशबन्धु। कमलनाथ और अजय टंडन की कर्यशैली से प्रभावित होकर दमोह विधानसभा क्षेत्र के आम आदमी पार्टी के उपाध्यक्ष संजू करोशिया ने कांग्रेस की सदस्यता अपने 30 साथियों के साथ ग्रहण की तथा दमोह जिले में कांग्रेस को विजय बनाने के अभियान और विकास के लिए कार्य करने की शपथ ली। अजय टंडन द्वारा दमोह में किए गए जनहित के कार्यो से प्रभावित होकर कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की।

## केन नदी मे अज्ञात महिला की तैरते हुए मिली लाश

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले के पवई थाना अन्तर्गत मुडवारी ग्राम के पास पुल के नीचे एक महिला की लाश बीते दिवस तैरते हुए पाई गई थी। जिसकी अभी तक शिनाख्त नही हुई है। पुलिस ने महिला का शव बरामद कर पहचान कराई जा रही है। ज्ञात हो कि 4 नवम्बर को चौकीदार द्वारा थाने मे महिला की लाश तैरने की पुलिस को सूचना दी थी। उक्त 35 वर्षीय महिला के हाथ मे तुलसा क्रांती तथा मलखान लिखा हुआ है पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है।

## आचार संहिता लगने के बाद भी नगर में दौड़ रहे रेत से भरे ट्रैक्टर



**पन्ना, देशबन्धु।** विधानसभा चुनाव चल रहे है तथा पूरे प्रदेश मे आदर्श आचार संहिता लगी हुई है। उसके बावजूद पन्ना से लेकर अजयगढ तक पुलिस एवं प्रशासन की टीमो द्वारा वाहनो चेकिंग की जा रही है। इसके बावजूद अवैध रेत का कारोबार नही रूक रहा है, उक्त कारोबार लगातार चल रहा है। पन्ना नगर मे विभिन्न चिन्हित स्थानो पर भारी मात्रा मे रेत के ट्रैक्टर खडे हुए देखे जा रहें है तथा नगर मे फर्राटा भरते हुए रेत से भरे ट्रैक्टर दौड रहे है। आये दिन नगर में करीब 30 -40 रेत से भरे ट्रैक्टर पूरे नगर में फर्राटा भर रहे है7 वहीं स्थानीय प्रशासन द्वारा दो तीन ट्रैक्टरों को पकड़कर कार्रवाई की कोरम पूर्ति कर दी जा रही है। जबकि ऐसी भी चर्चा है कि इस धंधे में सत्ताधारी पक्ष के समर्थक व पार्टी के कुछ खास लोगों का संरक्षण है, जिससे जिला प्रशासन व खनिज विभाग भी चुप्पी साधे हैं। मुख्यमंत्री ने सभी जिला कलेक्टरों व पुलिस अधीक्षकों सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारियों को अवैध खनन व ओवरलोड पर कड़ी कार्रवाई करवाने का फरमान जारी किया था। लेकिन उनके आदेश को ठेंगा दिखाया जा रहा है एवं प्रशासन द्वारा रेत माफिया पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही।

# गुरु प्राणनाथ डायमंड कंपनी जिले में बेरोजगारी दूर करने करेगी प्रयास



**पन्ना, देशबन्धु।** जिले के मूल निवासी पूर्व कलेक्टर एवं खनिज सचिव नरेंद्र सिंह परमार के द्वारा पन्ना के हीरा को बुंदेली हीरे के नाम से विश्व में नई पहचान दिलाने गुरु प्राणनाथ डायमंड प्राइवेट लिमिटेड स्थानीय कंपनी के माध्यम से लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व सुरु किया गया प्रयास शीघ्र पूरा होना वाला है। श्री परमार के द्वारा नौकरी के दौरान बनाई गई योजना को अमलीजामा पहनाने के लिए रिटायरमेंट के बाद डेढ़ साल तक कठिन प्रयास किए गए और एमपी, यूपी सहित देश के कई राज्यों के चुनिंदा कारोबारियों को पन्ना के हीरा एवं फर्शी पत्थर के साथ-साथ अन्य संसाधनों के बारे में जानकारी देकर उन्हें इस ओर आकर्षित किया गया, योजना को पूर्ण रूप देने के लिए हरे-भरे जंगलों के बीच झलाई कोठी में 4 नवंबर 2023 को एक विशेष बैठक बुलाई गई जिसमें कई बड़े कारोबारी शामिल हुए। जिन्होंने श्री परमार के नेतृत्व में मिलकर गुरु प्राणनाथ डायमंड प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से पन्ना जिले के हीरा उद्योग को बढ़ावा देने की कार्ययोजना पर पूर्ण सहमति दी। बताया गया है कि इस कंपनी के माध्यम से पन्ना जिले में हीरा उद्योग की विसंगतियों एवं बाधाओं को दूर करते हुए हीरा खदानों के पट्टे जारी करवाने के लिए सरल प्रक्रिया शुरू करवाई जायेगी ताकि लोग आसानी से अपनी निजी या सरकारी जमीनों में हीरा खदान के पट्टे बनवाकर उत्खनन कर सकेंगे। हीरा प्राप्त होने पर वह आसानी से कंपनी में जमा कर सकेंगे जहां उन्हें तत्काल हीरे की वैल्यू की 50 प्रतिशत राशि प्रदान की जाएगी इसके बाद सरकारी बोली में यह हीरे रखे जाएंगे और प्राप्त राशि में से 15 प्रतिशत काट कर बाकी राशि हीरा धारक को दे दी जाएगी, एवं बचे हुए हीरों की ज्वैलरी तैयार की जाएगी, इसी प्रकार कंपनी के द्वारा दूसरे प्रयास में फर्शी पत्थर, फॉरेस्ट एरिया में हॉर्टिकल्चर और एग्रीकल्चर के प्रयास भी शुरू किए जाएंगे जिससे पन्ना जिले के लोगों को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे और जिले से पलायन रुकेगा, पन्ना जिला देश के विकसित और औद्योगिक जिलों में शामिल हो सकेगा, बैठक में पूर्व कलेक्टर नरेन्द्र सिंह परमार के साथ एकेएस युनिवर्सिटी सतना के चेयरमेन आनंद सोनी, जसपाल सिंह छतरपुर, अमन खरे कटनी, राजू खरे कटनी, राघवेन्द्र सिंह पन्ना, योगेन्द्र सिंह पन्ना, मनोज गुप्ता पन्ना, रावेन्द्र शुक्ला, शिव सिंह, डॉ हर्षवर्धन, लक्ष्मी नारायण शर्मा, नरेंद्र पाल सिंह, धर्मवीर सिंह, राघवेंद्र सिंह बुंदेला, बृजेश जड़िया सहित कई कारोबारी शामिल रहे।

केंद्रीय मंत्री ने जिले के सुरखी, नरयावली, बंडा व बीना विधानसभा में जनसभाओं को किया संबोधित

# मोदी ने 9 साल में जितना कार्य किया, कांग्रेस 50 साल में नहीं कर पाई: राजनाथ सिंह

**बिलहरा में सुरखी से भाजपा प्रत्याशी गोविंद सिंह राजपूत, कर्रापुर में नरयावली से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप लारिया, बंडा में भाजपा प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह लोधी एवं मंडी बामोरा में बीना से भाजपा प्रत्याशी महेश राय की पक्ष में जनसभाओं को संबोधित किया**






**सागर, देशबन्धु।** भाजपा देश की जनता को जनार्दन मानकर उसकी सेवा करती है, जबकि कांग्रेस पार्टी परिवार को जनार्दन मानती है और उसी की परवरिश में लगी रहती है। मोदी ने पिछले 9 वर्षों में जितने कार्य किए हैं, वह कांग्रेस 50 साल के शासनकाल में भी नही कर पाई थी। मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान क्रिकेट के धोनी हैं, वे फिनिशिंग बहुत अच्छी करते हैं। शिवराज सिंह चौहान ने मप्र के सेवक के रूप में जनता की सेवा की है। सपा, बसपा और आम आदमी पार्टी जैसी चुनावी चिड़ियों से जनता सतर्क रहे। चुनाव के बाद ये अपने घोंसले में चली जाएंगी, मप्र की जनता से इनका कोई वास्ता नहीं है। यह बात रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सागर जिले के सुरखी, नरयावली, बंडा व बीना विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभाओं को संबोधित करते हुए कही। सुरखी की सभा में राजनाथ सिंह ने कहा कि मप्र के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान क्रिकेट के धोनी हैं। वे सेवक के रूप में जनता की सेवा कर रहे हैं। शिवराज सिंह चौहान के साथ मैंने कई सभाएं की हैं। जब वे सभा में पहुंचते हैं तो लोग मामा-मामा के नारे लगाने लगते हैं, यह प्रेम और स्नेह उन्हें जनता की सेवा से मिलता है। आज भारत की सीमाएं सुरक्षित हैं। भारत को कोई आंख नहीं दिखा सकता। अगर भारत की ओर कोई आंख दिखाने की कोशिश करता है तो भारत उसे मुंहतोड़ जवाब देगा। लेकिन कोई भारत के स्वाभिमान को आंख दिखाएगा तो भारत बर्दाश्त नहीं करेगा। वहीं बण्डा में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भाजपा प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह लोधी के समर्थन में आमसभा को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा प्रत्याशी वीरेन्द्र सिंह लोधी के परिवार से मेरे अच्छे सबंध है इनके पिता को लोग शिवराज भैया के नाम से पुकारते थे वो बहुत सरल व्यक्ति थे, प्रदेश सरकार में शिवराज सिंह चौहान अच्छा कार्य कर रहे है पहले मध्यप्रदेश आता था तो सडकों में गड्ढे नही थे गड्ढों में सडक थी, आज बिजली, पानी और छोटी छोटी चीजों का ध्यान सरकार रख रही है। भाजपा हमेशा राजनीति देश को बनाने को करती है कांग्रेस देश चलाने को करती है।

## मालथौन पुलिस ने ट्रक समेत लाखों की अंग्रेजी शराब पकड़ी



**मालथौन, देशबन्धु।** चुनावी माहौल में भारी मात्रा में एक बार पुलिस ने लाखों रुपये की अवैध शराब परिवहन करते पकडी है अंदेशा है कि चुनावी माहौल में रंग में भंग डालने पहुँचाई जा रही थी। थाना पुलिस द्वारा प्रेस नोट जारी कर बताया गया कि 1350 ओल्ड मंक रम अंग्रेजी शराब की पेटियां मात्रा कुल 11,934 बल्क लीटर जिसकी अनुमानित कीमत 97,20,000 थाना मालथौन पुलिस द्वारा जप्त की गयी। एक ट्रक क्रमांक आरजे 11 जीबी 0990 ललितपुर तरफ से आकर संदिग्ध अवस्था में आरटीओ चैक पोस्ट के पास खड़ा कुछ संदिग्ध माल भरे होने की संभावना होने से, संदिग्ध ट्रक क्रमांक आरजे 11 जीबी 0990 के पास पहुंचकर उक्त ट्रक में मौजूद ट्रक के चालक से उसका नाम पता पूछे जाने पर उसके द्वारा अपना नाम रवि प्रजापति पिता छविराम प्रजापति उम्र 32 निवासी शंकरपुर जयभोले नगर ट्रासपोर्ट नगर थाना बहोड़ापुर जिला ग्वालियर मप्र का होना बताया तथा पूछे जाने पर ट्रक में करीब 1350 पेटी ओल्ड मंक रम के कांच की बोतले जिनमें 750 एमएल बोतल की 600 पेटी 350 एमएल की 150 पेटी तथा 180 एमएल की 600 पेटी शराब होना बताते हुये उक्त शराब का आबकारी विभाग द्वारा जारी ट्रासपोर्ट परमिट एवं संधु ट्रासलोजिस्टिक प्राईवेट लिमिटेड की बिलटी पेश किया जिसका रूट रायरू महेरा टोल प्लाजा डबरा दतिया, डगराये टोल प्लाजा, झांसी यूपी, बबीना टोल प्लाजा, विघाखेत टोल प्लाजा यूपी ललितपुर यूपी, मालथौन टोल प्लाजा, सागर, दमोह, एफएलडब्लूएच करमेता का होना तथा परमिट की वैधता 04 नवम्बर 23 के 6.53 शाम तक का होना पाया गया। उक्त परमिट का क्यूआर कोड स्केन करने पर परमिट कालातीत होना पाया गया उक्त शराब के परमिट की समय अवधि बीत जाने से उक्त शराब अवैध होना पायी गयी ट्रक क्रमांक आरजे 11 जीबी 0990 का गेट खोल कर देखे जाने पर उक्त ट्रक में ओल्ड मंक रम अंग्रेजी शराब की पेटिया भरी पायी गयी ट्रक चालक द्वारा प्रस्तुत किये गये परमिट के आधार पर ट्रक में कुल 1350 ओल्ड मंक रम अंग्रेजी शराब की पेटियां कुल 11,934 बल्क लीटर जिसकी बाजारू अनुमानित कीमत 97,20,000 होना पायी गयी जो वाहन में मौजूद चालक का कृत्य धारा 34 (2) आबकारी अधिनियम के तहत दण्डनीय होना पाये जाने से आरोपी रवि प्रजापति पिता छविराम प्रजापति उम्र 32 निवासी शंकरपुर जयभोले नगर ट्रासपोर्ट नगर थाना बहोड़ापुर जिला ग्वालियर मप्र के अवैध कब्जे से मय ट्रक क्र. आरजे 11 जीबी 0990 पुराना इस्तेमाली कीमत करीब 35 लाख रूपये को मय दस्तावेजो के समक्ष गवाहान मौके पर जप्त कर कब्जा पुलिस ने लिया। जप्तशुदा शराब की गिनती किये जाने पर 750 एमएल बोतल की 600 पेटी, 375 एमएल की 150 पेटी तथा 180 एमएल की 600 पेटी इस तरह कुल 1350 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब की होना पायी गयी। उक्त शराब एवं ट्रक की जप्ती कार्यवाही में निरीक्षक योगेन्द्र सिंह दांगी, राजेश सिंह ठाकुर, जयसिंह, जितेन्द्र लोधी, रोहित यादव, स्वदेश परिहार, अरविन्द्र कुमार, विक्रम प्रताप का योगदान रहा।

## कांग्रेस प्रत्याशी निधि जैन ने सब्जी मंडी पहुंचकर मांगा जन समर्थन



**सागर, देशबन्धु।** कांग्रेस प्रत्याशी निधि सुनील जैन ने रविवार की अल सुबह पुरानी गल्ला मंडी स्थित सब्जी मंडी पहुंचकर आम जनता तथा सब्जी विक्रेताओं से मुलाकात की। इस दौरान सब्जी लेने पहुंचे शहर की महिलाओं और पुरुषों ने जहां प्याज और सब्जियों के बढ़ते दामों पर चिंता जताई वहीं सब्जी विक्रेताओं ने मंडी में सुविधाओं का टोटा बताया। सागर विधानसभा चुनाव क्षेत्र से कांग्रेस की प्रत्याशी निधि सुनील जैन ने अपने कई समर्थकों के साथ सब्जी मंडी में सब्जी खरीदने पहुंचे जन सामान्य से मुलाकात कर अपने लिए समर्थन मांगा। यहां मौजूद महिलाओं द्वारा प्याज एवं अन्य सब्जियों की बढ़ती दामों को लेकर कहा कि भाजपा की सरकार में दाल और अनाज के दाम पहुंच से बाहर होने के बाद अब प्याज भी इतनी महंगी हो गई है कि दाल सब्जियों में बघार लगाना भी मुश्किल हो रहा है। यहां बैठी सब्जी विक्रेताओं ने भारी गंदगी और अव्यवस्थाओं को उजागर करते हुए भाजपा सरकार द्वारा किसी भी तरह की सुविधा नहीं देने का गुबार निकाला। कांग्रेस प्रत्याशी निधि जैन ने सब्जी मंडी में मौजूद महिलाओं से कहा कि भाजपा की सरकार महंगाई बढ़ाकर भले ही उनका बटुआ और गुल्लक खाली कर दी है लेकिन कमलनाथ की सरकार आने वाली है और हर वर्ग के लिए खुशहाली लाने वाली है। निधि जैन ने झूठ और छल कपट की शिवराज सिंह सरकार को उखाड़ फेंकने व कमलनाथ को मुख्यमंत्री बनने के लिए सागर विधानसभा क्षेत्र से भी योगदान देकर उन्हें भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील की।

## भाजपा एक वृक्ष है, जिसकी शाखाये सेवा, निष्ठा और समर्पण से जुड़ी हैं: शैलेंद्र जैन



**सागर, देशबन्धु।** भाजपा ने रविवार को सागर विधानसभा में विशेष रूप से महा जनसंपर्क अभियान चलाया। जिसके अंतर्गत सागर नगर के 48 वार्डों में भाजपा की जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी कार्यकर्ताओं ने टोली बनाकर अपने-अपने वार्डों में जनसंपर्क किया। इस दौरान भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। सागर से भाजपा के प्रत्याशी शैलेंद्र जैन अंबेडकर, संतकवाराम, राजीव वार्ड, भगत सिंह, शास्त्री वार्ड, तिलकगंज वार्ड, गुरुगोविन्द सिंह, विट्ठलनगर, मोतीनगर, इंद्रा नगर, सिविल लाइन, मधुकर शाह गोपालगंज वृंदावन वार्ड में शामिल हुए। इस दौरान श्री जैन ने कहा की सफलता पूर्वक संपन्न हुए महाजनसंपर्क अभियान के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा एक वृक्ष हैं, जिसकी शाखाये सेवा, निष्ठा और समर्पण से जुड़ी हुई हैं। कार्यकर्ता ही इसकी जड़ है। आज महाजनसंपर्क अभियान में उन्हीं की मेहनत का फल सामने है कि पूरा शहर कमल में नजर आ रहा है। उन्होंने शहर वासियों का निरंतर स्नेह के लिए धन्यवाद व्यक्त किया। जनसंपर्क के दौरान भावुक कर देने वाल पल देखने को मिला जब शैलेंद्र जैन रविशंकर वार्ड में नगरीय निकाय चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी रहें अखिलेश घोषी निवास पर पहुंचे तब उनकी माता द्वारा भावुक होते हुए गले लगाकर जमकर आशीर्वाद देकर पूरा परिवार बेटा तुम्हारे साथ हैं। महाजनसंपर्क अभियान में सभी वार्डों के पार्षद, वार्ड संयोजक, बूथ अध्यक्ष प्रभारी, पन्ना समिति सदस्य व भाजपा पदाधिकारी जनप्रतिनिधि उपस्थित रहें।

### ईवीएम मशीनों का द्वितीय रेंडमाइजेशन 7 नवंबर को

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने बताया किए भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए ईवीएम मशीनों का द्वितीय रेंडमाइजेशन 7 नवंबर को प्रात: 10 कलेक्टर कार्यालय सभाकक्ष में किया जाएगा।

## सभी को सुविधाएं मिलें, इसके लिए भाजपा और मैं संकल्पबद्ध हैं: गोविंद सिंह राजपूत



**सागर, देशबन्धु।** सुरखी विधानसभा क्षेत्र में हर धर्म और समाज के लोग आपस में मिलजुल कर रहते हैं। आपसी प्रेम स्नेह का यहां बोलबाला है। भाजपा ने हमेशा विकास कार्यो पर ध्यान देकर काम कराया है। मैं वचन देता हूं कि आने वाले समय में क्षेत्र का कोई भी गांव नहीं रहेगा जहां पक्की सड़क ना हो। यह बात सुरखी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी गोविंद सिंह राजपूत ने कही। गोविंद सिंह रविवार को क्षेत्र के ग्राम सेमराचरखरा, रूपऊ, बहरोल, बरोदिया बल्लभ, लुहर्रा, बसियाभोती, बमूरा, ननऊ में जनसंपर्क कर रहे थे। गोविंद सिंह ने कहा कि धर्म संस्कृति के साथ ही क्षेत्र की समस्याओं को हल करने का हर संभव प्रयास किया है। इसके अतिरिक्त यहां की जनता को ज्यादा से ज्यादा सुविधाएं मिलें इस पर भी ध्यान देकर योजनाऐं बनाई हैं। क्षेत्र के किसानों, मजदूरों, व्यापारियों, युवाओं, महिलाओं, छात्र-छात्राओं आदि को सुविधाएं मिलें, इसके लिए भाजपा और मैं संकल्पबद्ध हैं।

### मतदान दलों के रवाना होने से पूर्व मार्गो का सत्यापन कराकर जानकारी प्रस्तुत करें: श्री आर्य

**सागर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक आर्य ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन अंतर्गत जिले की विधानसभाओं में मतदान दलों के मतदान केन्द्रों तक परिवहन की सुगम व्यवस्था सुनिश्चित कराई गई है। उन्होंने बताया कि 16 नबम्वर को जिले के विभिन्न सामग्री वितरण केन्द्रों से मतदान दल, मतदान केन्द्रों के लिये रवाना होगें तथा 17 नबम्वर को मतदान प्रक्रिया पूर्ण कराकर मध्यरात्रि तक स्ट्रांग रूम के लिये प्रस्थान करेगें। कई मार्ग ऐसे होगें जिन पर विद्युत तार नीचे हों या अन्य कोई अवरोध हो। कृपया मतदान दलों के परिवहन से पूर्व पटवारी, सचिव, रूट प्रभारी से ऐसे मार्गों का सत्यापन करा लिया जाए कि समस्त मतदान केन्द्रों के मार्ग बस, वाहनों के परिवहन हेतु उपयुक्त हैं।

### बाइक और स्कूटी की आमने-सामने से हुई भिड़ंत में पांच लोग हुए घायल



**बीना, देशबन्धु।** खिमलासा रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के पास बीती रात बाइक और स्कूटी की आमने-सामने से जोरदार भिड़ंत होने से पांच लोग घायल हो गए। सभी घायलों को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मिली जानकारी के अनुसार खिमलासा रोड पर सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल के पास आमने-सामने से दो बाइक आपस में भिड़ गई, जिसमें 5 लोग घायल हो गए। इसमें कूरे पिता कुदउ अहिरवार 45 व गजराज पिता लक्ष्मण कुशवाहा 23 दोनों निवासी बुखारा, बीना से बुखारा बाइक से जा रहे थे। वहीं पावरग्रिड से देवराम पिता हरिलाल 38, शत्रुघन पिता चंदूलाल निवारे 39, सौरभ पिता शत्रुघन निवारे 10 बीना की ओर आ रहे थे, जिनकी बाइक आमने-सामने से भिड़ गई। घटना में पांचों को चोटें आई है। इसके बाद इन्हें पावरग्रिड के वाहन व पुलिस वाहन से सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां पर ड्यूटी पर मौजूद डॉ. संजीव अग्रवाल ने सभी का इलाज किया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों के बयान दर्ज किए गए हैं।

## कोरोना काल के मृतकों के परिजनों को नहीं मिला घोषित मुआवजा: निधि सुनील जैन



**सागर, देशबन्धु।** चुनी हुई सरकार का ध्यान कोरोना काल में मरने वाले लोगों पर उनके इलाज पर या उन्हें सुविधाएं देने पर नहीं था बल्कि किसी भी तरह सत्ता हथियाने पर था, उक्त कथन निधि सुनील जैन ने रविवार को इतवारी वार्ड, रामपुरा वार्ड और गांधी चौक वार्ड में जनसंपर्क की दौरान एक परिवार की व्यथित दीनदशा स्थिति को देखकर व्यक्त की। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा घोषित कोविड मृतक मुआवजा संबंधित परिवारों को आज तक नहीं दिया गया। उन परिवारों की क्या दशा है इस बारे में भी सरकार द्वारा पता भी नहीं किया जा रहा है। भाजपा सरकार केवल वादे कर रही है उनको स्वरूप नहीं दे रही है। लेकिन कांग्रेस जो कहती है वहीं करती है। कांग्रेस प्रत्याशी निधि सुनील जैन ने रविवार को चुनाव प्रचार इतवारी वार्ड से शुरू किया। जनसंपर्क के दौरान निधि सुनील जैन का जगह जगह फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया गया।

## वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग निर्वाचकों से आयोग के निर्देशों के अनुरुप मतदान कराया जावे: दीपक आर्य



**सागर, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग ने आवश्यक सेवाओं के अनुपस्थित मतदाताओं, 80 साल से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों और निर्दिष्ट दिव्यांग मतदाताओं को डाक मतपत्र की प्रक्रिया की सुविधा देने के लिए विस्तृत दिशा निर्देशों जारी किए हैं जिनके अनुरुप इन श्रेणियों के मतदाताओं को घर से ही मतदान की सुविधा प्रदान की गई है ताकि निर्वाचन प्रक्रिया में उनकी व्यापक भागीदारी सुनिश्चित हो सके। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर दीपक आर्य ने ऐसे अनुपस्थित मतदाताओं से मत प्राप्त करने वाले दलों के प्रशिक्षण में कहा कि ऐसे मतदाताओं से मतांकन कराते समय मत की गोपनीयता बनी रहे। उन्होने बताया कि अनुपस्थित मतदाता से आशय ऐसे व्यक्ति से है, जिसे अधिनियम की धारा 60 के अनुच्छेद सी के तहत अधिसूचित किया जा सकता है और जो उपर्युक्त अधिसूचना में उल्लिखित आवश्यक सेवाओं में कार्यरत है, और जो वरिष्ठ नागरिक अथवा दिव्यांगजनों की श्रेणी में शामिल हैं। दिव्यांग से आशय ऐसे व्यक्ति से है, जिसे मतदाता सूची के डेटाबेस में दिव्यांग के रूप में निर्दिष्ट किया गया है। इस हिस्से के प्रयोजन के लिए वरिष्ठ नागरिक से आशय ऐसे मतदाता से है, जो अनुपस्थित मतदाताओं की श्रेणी में आता है और जिसकी उम्र 80 साल से अधिक है। इस नई पहल से आयोग इस बात को लेकर आश्वस्त है कि 80 साल से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग मतदाताओं के पास अपने घर से ही अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने का विकल्प होगा। हालांकि दुनिया के इस सबसे बड़े लोकतंत्र में इस तरह के मतदाताओं के पास या तो निर्दिष्ट प्रक्रिया का पालन करते हुए डाक मतपत्र के जरिए मतदान करने अथवा अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए मतदान के दिन मतदान केंद्र जाकर वोट डालने का विकल्प होगा।मतदान दल द्वारा निर्धारित प्रपत्र मे मतदाता का नाम, मतदाता सूची का सरल क्र., पहचान प्रस्तुत करने के दस्तावेज, मतदान की तारीख लिखकर मतदाता का हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान लेगा। अब मतपत्र के प्रतिपर्ण पर भाग संख्या एवं सरल क्र. अंकित कर मतपत्र के पर्ण को मतदाता को देगा। वह सुनिश्चित करेगा कि मतदाता अपने पसंद के अनुसार अभ्यर्थी के खाने में राइट का चिन्ह लगाकर मतांकन कर उसे छोटे लिफाफे में डालकर लिफाफे का मुंह बंद कर देगा। निर्वाचन का घोषणा प्रारूप 13 क को मतदान अधिकारी द्वारा प्रमाणित किया जायेगा। इस प्रकार मतपत्र का छोटा लिफाफा और निर्वाचक का घोषणा की बड़े लिफाफे में रखकर उसका मुंह बंद कर मतपेटी में मतदाता द्वारा डाल दिया जायेगा। सम्पूर्ण मतदान प्रक्रिया की वीडियोग्राफर द्वारा वीडियोग्राफी की जायेगी। माइक्रो आर्ब्जवर यह देखेगा कि आयोग के निर्देशानुसार मतांकन का कार्य हुआ है और मतदान की गोपनीयता रखी जा रही है। इस प्रशिक्षण में प्रेक्षक, उप.जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग अधिकारी, सेक्टर अधिकारी, मतदान दल के सदस्य, पुलिस, विडियोग्राफर, मास्टर ट्रेनर आदि उपस्थित रहें।

स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली** *
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन**- MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।